# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025




फौजदार चौक पर चक्का जाम


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366


## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड महिला टीचर रहीं 'डिजिटल अरेस्ट



**जबलपुर।** यहां रिटायर्ड महिला शिक्षक को एटीएस अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने 4 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। पुलवामा हमले का डर दिखाकर उनसे 70 लाख रुपए की मांग की गई, लेकिन समय रहते पुलिस की मदद मिलने से महिला और उनका पैसा दोनों सुरक्षित हैं। घटना 6 दिसंबर की है, जब बाई का बगीचा क्षेत्र में रहने वाली रिटायर्ड शिक्षिका अमिता ग्रेबियल के मोबाइल पर कॉल आया। खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए कहा कि पुलवामा में आतंकी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में उनके खाते से 70 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं।

### दरगाह परिसर पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**खंडवा।** सिहाड़ा गांव में मंगलवार को दरगाह परिसर में बने मकान, दुकान और एंट्री गेट पर बुलडोजर चला। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। एसडीएम ऋषि सिंघई ने कहा- दरगाह यथावत रहेगी, परिसर के भीतर मौजूद एक मकान, एक दुकान और प्रवेश द्वार को तोड़ने की कार्रवाई की है। दरगाह परिसर में स्थित मदरसा की बिल्डिंग को यथावत रखने का फैसला लिया गया है। इसे ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया है। यह मदरसा सरकारी फंड से बना हुआ हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## खजुराहो कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड पर रहा विशेष फोकस

# बुंदेलखंड में 'विकास की बयार'

### 8 बड़े निर्णयों में से 6 बुंदेलखंड की उड़ान को पंख लगाने वाले

सीएम डॉ. यादव ने बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उसी क्षेत्र खजुराहो में कैबिनेट की बैठक रखी थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजुराहों की कैबिनेट बैठक पूरी तरह से बुंदेलखंड के विकास को समर्पित थी। कैबिनेट में 8 बड़े निर्णयों में से 6 महज बुंदेलखंड की उड़ान को पंख लगाने वाले थे। बुंदेलखंड पैकेज में सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में अनुमानित 24,240 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी गई। इससे करीब 29,100 लोगों को रोजगार मिलेगा।

भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपए प्रति वर्गमीटर रखी गई है। विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किस्तों की सुविधा दी गई है। संधारण शुल्क 8 रुपए प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टांप और पंजीयन शुल्क में 100 % प्रतिपूर्ति की मंजूरी दी गई है।

### सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में अनुमानित 24,240 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी

### सागर से दमोह 76 किमी फोरलेन मार्ग निर्माण के लिए 2059 करोड़ की मंजूरी

### दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ से अधिक की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना मंजूर

नए औद्योगिक क्षेत्र से 29 हजार से अधिक को रोजगार मिलेगा



कैबिनेट में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव

### विशेष पैकेज पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा

उद्योगपतियों को दिया जाने वाला विशेष पैकेज पांच वर्षो के लिए होगा। वित्तीय सहायता पैकेज के तहत वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों पर उद्योग संवर्धन नीति-2025 और निवेश प्रोत्साहन योजना-2025 के नियम लागू होंगे, जबकि एमएसएमई इकाइयों के लिए एमएसएमई विकास नीति-2025 और एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के प्रावधान प्रभावी होंगे। यह विशेष पैकेज आने वाले पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा। कैबिनेट ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दमोह, छतरपुर और बुधनी के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउट सोर्स पदों को मंजूीह दी है। इस अनुसार प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में 330 नियमित पद सृजन और 205 व्यक्तियों को आउट सोर्स पर नियोजित किए जाने की मंजूरी प्रदान की गई।

### बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास व रोजगार संपन्न बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभयारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री का कैबिनेट के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर स्वागत किया।

### 31 वीं किस्त...एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की। इनमें छतरपुर की 3 लाख 24 हजार से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। हितग्राहियों बहनों को उनके बैंक खातों में 31 वीं किस्त के रूप में 1500 रुपए की सौगात मिली है। अब तक 46 हजार 500 करोड़ की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

### खाने में जहर मिलाने की जताई आशंका, मांगे एक करोड़

# खजुराहो के गौतम रिसॉर्ट में फूड पॉइजनिंग से 4 की मौत



जयारोग्य अस्पताल में इलाज जारी

- परिजनों ने किया चक्काजाम
- मृतक आसपास के रहने वाले

### 6 लोगों का ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में इलाज, सभी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खजुराहो

खजुराहो के गौतम रिसोर्ट में खाना खाने से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 6 लोगों का ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि इन सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। गौतम रिसोर्ट में कर्मचारियों ने सोमवार दोपहर को खाना खाया था।

खाना खाने के कुछ ही मिनट बाद इन सभी कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने लगी उन्हें उल्टी, चक्कर , पेट दर्द और घबराहट जैसे लक्षण होने लगे। गंभीर हालत में 9 कर्मचारी को जिला अस्पताल से ग्वालियर जयारोग्य अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों ने दम तोड़ दिया है, जिसमें एक महिला शामिल है। परिजनों के अनुसार ग्वालियर लाते समय एक व्यक्ति की रस्ते में ही मौत हो गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि खाने में जहर मिलाया गया है। छतरपुर के सीएमएचओ आरपी गुप्ता ने बताया कि रिसॉर्ट में कर्मचारियों ने सोमवार रोज की तरह भोजन किया था, जिसमें आलू-गोभी की सब्जी शामिल थी। भोजन के कुछ ही मिनट बाद हार्दिक सोनी (20), प्रागीलाल कुशवाहा (54), गोलू अग्निहोत्री (25), बिहारी लाल पटेल (60), रामस्वरूप कुशवाहा (47), रवि कौदर (19), दयाराम कुशवाहा (65), रोशनी रजक (30) और गिरजा रजक (35) की तबीयत बिगड़ने लगी।

ये सभी खजुराहो और आसपास के गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने रिसॉर्ट पहुंचकर खाने के नमूने जब्त किए और स्टाफ से पूछताछ शुरू की। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मामला दर्ज कर भोजन, पानी और किचन की साफ सफाई से जुड़े सभी सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जैसवाल ने मृतकों के परिजनों को रेडक्रॉस सोसाइटी से 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की।

### खजुराहो-बमीठा रोड पर चक्काजाम

खजुराहो में खजुराहो बमीठा रोड के फौजदार चौक पर मृतकों के परिवार जनों ने और ओबीसी महासभा ने चक्का जाम कर दिया। मृतकों के परिवारजनों की मांग है कि होटल संचालक पर एफआईआर की जाए और मृतकों को 1 करोड़ की सहायता राशि दी जाए।

आईएएस संतोष वर्मा ने एक बार फिर दिखाए तेवर

## कितनों को मारोगे... हर घर से एक संतोष वर्मा निकलेगा

- वायरल वीडियो में वे सांसद चंद्रशेखर की बातों को दोहरा रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्राह्मणों पर विवादित बयान देने वाले आईएएस अफसर संतोष वर्मा ने फिर से तेवर दिखाए हैं। उनके समर्थन में भीम आर्मी प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि कितनों संतोष वर्मा को मारोगे, हर घर से एक संतोष वर्मा निकलेगा। यही बात फिर से एक कार्यक्रम में संतोष वर्मा ने दोहराई है।

कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की निजता पर हमला!

## दंपती का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वालों पर एफआईआर



इसी होटल में ठहरे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। राजस्थान से आए एक दंपती की होटल के कमरे के अंदर की निजी पलों का वीडियो चोरी-छिपे बनाकर सोशल पर वायरल कर दिया गया।






सीजेआई के फैसले ने बदल दी सदियों पुरानी परंपरा

## पिता नहीं, मां की जाति से बच्ची को मिला कास्ट का सर्टिफिकेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद अहम फैसले में एक नाबालिग बच्ची की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उसकी मां की जाति 'आदि द्रविड़' के आधार पर अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाणपत्र जारी करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट का यह फैसला दूरगामी असर डालने वाला माना जा रहा है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब शीर्ष अदालत के समक्ष पहले से ही कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें उस परंपरागत नियम को चुनौती दी गई है, जिसके अनुसार बच्चे की जाति पिता की जाति के आधार पर तय की जाती रही है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने से इनकार कर दिया, जिसमें पुडुचेरी की इस बच्ची को एससी जाति प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया गया था।

सीजीआई बोले-मां की जाति के आधार पर जाति प्रमाणपत्र क्यों नहीं ?

16 कोच के साथ होटल जैसा आराम

## पटना-दिल्ली के बीच दौड़ेगी देश की पहली 'स्लीपर' वंदे भारत

सुरक्षा के लिए कवच सहित हाई-टेक सिस्टम



एजेंसी ⏭ पटना

पटना–दिल्ली रूट पर यात्रा करने वालों के लिए इस दिसंबर बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। भारतीय रेलवे देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत बिहार से करने जा रहा है। यह वही ट्रेन है, जिसका यात्री कई महीनों से इंतजार कर रहे थे, तेजस की रफ्तार, राजधानी का आराम और वंदे भारत की हाई-टेक इंजीनियरिंग, सब एक साथ। यह नया रैक पारंपरिक रातभर की यात्रा के अनुभव को पूरी तरह बदलेगा। इस हाई–टेक ट्रेन की खासियत इसकी गति है। 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर भी कप में रखी चाय नहीं छलकेगी।




राज्यसभा में कांग्रेस पर बरसे गृहमंत्री गृहमंत्री शाह

# नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस ने वंदे मातरम का विरोध किया और 100 साल का हुआ तो पूरे देश को 'बंदी' बनाकर रखा गया

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर बड़ा हमला किया और तथ्यों को सामने रखा*




*राष्ट्रगीत के आखिरी चार छंदों को क्यों रोका गया?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम की भूमिका का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। शाह ने कांग्रेस के 1937 के अधिवेशन में वंदे मातरम के आखिरी चार छंदों के इस्तेमाल रोके जाने के प्रस्ताव पर भी बात की और पंडित नेहरू की भूमिका पर कई सवाल उठाए।

शाह ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि संसद में जब भी वंदे मातरम का गान होता है तब उसके कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं। वंदे मातरम में कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति की भावना है। तो जिन्हें वंदे मातरम पर चर्चा की वजह समझ नहीं आ रहा, उन्हें नए सिरे से सोचने की जरूरत है।

### यह राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा

शाह ने कहा कि यह वंदे मातरम का गान, गीत यह भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने का नारा बना था। आजादी के उद्घोष का नारा बन चुका था। वंदे मातरम की दोनों सदनों में चर्चा से, इसके गौरव गान से हमारे बच्चे, किशोर, युवा और आने वाली कई पीढ़ियां वंदे मातरम के महत्व को समझेंगी और उसे राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार भी बनाएगी।

### उस काली रात वंदे मातरम रोशनी की तरह था



संसद में वंदे मातरम पर बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह

शाह ने कहा कि जिसकी उद्घोषणा 150 साल पहले बंकिम बाबू ने की, उसका भाव सदियों पुराना है। भगवान राम ने कहा था माता और मातृभूमि ईश्वर से भी बड़ी होती है। मातृभूमि का महिमामंडन प्रभु श्रीराम ने किया, शंकराचार्य ने किया और इसका महिमामंडन आचार्य चाणक्य ने भी किया। मातृभूमि से ज्यादा कोई चीज हो नहीं सकती। इसलिए उस काली रात जैसे गुलामी के कालखंड में वंदे मातरम रोशनी की तरह था।

### अगर वंदे मातरम के नाम पर तुष्टिकरण न होता तो देश एक होता

कांग्रेस के कई सदस्य आज वंदे मातरम की चर्चा क्यों जरूरी है और इसको एक राजनीतिक हथकंडा बता रही थीं।1937 में जब स्वर्ण जयंती हुए तो नेहरू ने वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए। 50वें पड़ाव में वंदे मातरम को तोड़ा गया। यहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई और इसी ने विभाजन के बीज बोए। कांग्रेस को पसंद आए न आए, लेकिन अगर वंदे मातरम के नाम पर तुष्टिकरण न होता तो देश एक होता।

### खरगे ने किया पलटवार

## *हम 60 सालों से यह गीत गा रहे सरकार सियासी हथियार बना रही*

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वंदे मातरम के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि वह पिछले 60 सालों से यह



गीत गा रहे हैं और 30-35 साल से विधायक व सांसद के रूप में इसे सदन में गाते आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग पहले वंदे मातरम नहीं गाते थे, वे अब इसे राजनीति का हथियार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने अधिवेशनों में वंदे मातरम गाने की परंपरा शुरू की थी और जब स्वतंत्रता सेनानी जेल जा रहे थे, तब 'जो आज देशभक्ति का प्रमाणपत्र बांट रहे हैं, वे अंग्रेजों की नौकरी कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतंत्र और संविधान की भावना को कमजोर कर रही है।

### मोदी और शाह इतिहास को तोड़-मरोड़ रहे

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे कांग्रेस को अपमानित करने के लिए इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को लेकर फैसला कांग्रेस नेताओं के सामूहिक निर्णय से हुआ था, जिसमें नेहरू, गांधी, मौलाना आजाद और सुभाष चंद्र बोस शामिल थे। भाजपा नेहरू और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। नेहरू का नाम चाहे जितना नीचे लाने की कोशिश करें, वह सबसे ऊंचे थे और रहेंगे, आप नीचे हैं और नीचे ही रहेंगे। चीन के मुद्दे पर खरगे ने कहा कि सरकार चुप बैठी है जबकि चीन लगातार सीमा पर आक्रामक हो रहा है। उन्होंने कहा कि 56 इंच की छाती तो रहने दें। पड़ोसी देशों में भारत का प्रभाव घट रहा है और चीन की पकड़ मजबूत हो रही है।

नड्डा ने खरगे पर साधा निशाना

### भाषण पर आपत्ति, चर्चा को भटकाने का क्या मतलब?

नेता सदन जेपी नड्डा ने खरगे के भाषण में विषय से हटने का आरोप लगाते हुए आपत्ति व्यक्त की। खरगे



ने कहा कि दलितों से नफरत क्यों, वो भी भारत माता के पुत्र हैं। उनकी समस्या यहां रखना गलत है क्या? इस पर नड्डा ने कहा कि दलित आदरणीय हैं, हम उनका ध्यान में रखते हैं। हमारी सरकार में जितना दलितों का भला हुआ है कभी नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि खरगे से निवेदन है, राज्यसभा में उच्च स्तरीय बहस चल रही थी, उसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की थी, हमने की.. लेकिन आपको मुंह की खानी पड़ी। वंदे मातरम पर चर्चा चल रही है, उससे भटकाने का क्या अर्थ है?

### बैलेट पेपर से हो मतदानः मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि ईवीएम से मतदान



की व्यवस्था को पारंपरिक बैलेट पेपर प्रणाली से बदल देना चाहिए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हमारी पार्टी का यह सुझाव है कि ईवीएम के संबंध में लगातार उठती गड़बड़ियों की शिकायत की जा रही है। अब ईवीएम के द्वारा वोट डलवाने की जगह पुनः बैलेट पेपर से ही वोट डलवाने की प्रक्रिया लागू की जाए।

### त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है वंदेमातरम

सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में इसे राष्ट्र की आत्मा और स्वतंत्रता



संग्राम की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है, जिसने गुलामी के दौर में करोड़ों भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि यह गीत धर्म, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोता रहा।

### ईवीएम का सोर्स कंपनी के पास होना चिंताजनक

लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सांसद



मनीष तिवारी ने की। तिवारी ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में सबसे बड़े चुनावी सुधार हुए। मशीनों का सोर्स कोड किसी कंपनी के पास होना गलत है।

### केंद्र ने गरीबों को 95.5 लाख घर दिए

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दो योजनाओं के



तहत लाभार्थियों को कुल 95.54 लाख घर उपलब्ध कराए हैं। यह जानकारी आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने संसद में दी। मंत्री ने बताया कि 2020 में सर्वेक्षण से यह पता चला कि 6.5 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे थे।

### 15 लाख किसान कर रहे प्राकृतिक खेती

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि को



बचाने के लिए हम अनेक प्रयास कर रहे हैं। हम बीजों की नई किस्में लगातार तैयार कर रहे हैं। सरकार ने पिछले साल ही प्राकृतिक कृषि मिशन लॉन्च किया है। 15 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। जैविक खेती को बढ़ा रहे हैं।

### 'बंकिम दा' कहा, पीएम माफी मांगें

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री से माफी



की मांग की। बेनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। यहां के कूच बिहार में एक रैली में ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में भाजपा का किसान आंदोलन तेज

**बेंगलुरु।** भाजपा ने कर्नाटक में बड़ी संख्या में किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने



कांग्रेस सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों की निंदा की। प्रदर्शन में भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, नेता प्रतिपक्ष आर अशोक, चलवाड़ी नारायणस्वामी कई विधायक, सदस्य थे।

### भाटी को कोर्ट ने सुनाई 9 साल की सजा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की कासना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर के एक मामले में जिला न्यायालय ने सुंदर



भाटी सहित 10 लोगों को दोषी करार देते हुए 9-9 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सिंहराज, विकास पंडित, योगेश, ऋषिपाल, बॉबी, सोनू,यतेंद्र चौधरी, अनूप पर जुर्माना किया है।

### प्रोड्यूसर विक्रम, पत्नी 7 दिन की रिमांड पर

**मुंबई।** बॉलीवुड से जुड़ा वित्तीय धोखाधड़ी का मामला राजस्थान की उदयपुर अदालत में निर्णायक



आ गया। बायोपिक घोटाले में आरोपी फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला है।

## राज्यों में एसआईआर के काम में 'बाधा' पर शीर्ष अदालत सख्त

# चुनाव आयोग के पास सारी शक्तियां मौजूद धमकियों को संज्ञान में लाएं, हम आदेश देंगे

*कार्य में राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

सीजेआई सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ईसी से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। कोर्ट ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। ईसी ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है।

*सीजेआई और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा*

*पुलिस की तैनाती के अलावा रास्ता नहीं बचेगा*

### तनाव से आत्महत्या करने का सवाल ही नहीं उठता



देश का सर्वोच्च न्यायालय

ईसी की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के 6-7घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है।

### बंगाल में 5 विशेष आईएएस नियुक्त

पश्चिम बंगाल में जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कृष्ण कुमार निराला बर्दवान संभाग के लिए एसआरओ होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसआरओ की नियुक्ति से सभी संभागों में एसआईआर प्रक्रिया की जांच मजबूत होगी। राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 4 नवंबर को शुरू हुआ था। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

### तब चेतावनी देकर छोड़ दिया गया

71 साल के राकेश किशोर तब सुर्खियों में आए थे जब इसी साल 6 अक्टूबर को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई से दौरान तब ते सीजेआई बीआर गवई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया। तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे 'अनदेखा' करने को कहा और दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## *पूर्व सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील को चप्पल से पीटा*

तत्कालीन सीजेआई बीआर गवई पर जूता उछालने के आरोपी वकील राकेश किशोर पर हमले का मामला सामने आया है। कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में राकेश किशोर पर एक वकील ने चप्पल से हमला कर दिया। वीडियो में वकील राकेश 'सनातन धर्म की जय' का नारा लगाते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में हमलावर का चेहरा नहीं दिख रहा है। राकेश किशोर ने भी हाथ चलाकर जवाब देने की कोशिश की। इस दौरान पहले वह यह पूछते रहे कि क्यों उन पर हमला किया जा रहा है? आसपास मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच बचाव करते हुए स्थिति को संभाला। बाद में वकील ने दावा किया कि वह मध्यप्रदेश के खजुराहो मंदिर परिसर में भगवान विष्णु की मूर्ति की पुनर्स्थापना के अनुरोध वाली याचिका पर हाल में हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई की टिप्पणी से नाखुश थे।



### अब तक बार एसोसिएशन को कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई

शाहदरा बार एसोसिएशन के महासचिव नरवीर डबास का कहना है कि एसोसिएशन को इस बाबत दो वकीलों के बीच कहासुनी की जानकारी मिली है। हालांकि किसी भी तरफ से कोई शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई भी पक्ष इस घटना की शिकायत करता है तो एसोसिएशन इस पर कार्रवाई करेगी।

## *मंदिर में दीप जलाने का फैसला*

# जज स्वामिनाथन पर महाभियोग पेश प्रियंका समेत 100 सांसदों ने दी अर्जी



मद्रास उच्च न्यायालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और इंडिया गठबंधन के 100 से ज्यादा सांसदों ने संसद में महाभियोग लाने के लिए प्रस्ताव पेश किया है। यह कदम जस्टिस स्वामीनाथन द्वारा दिए गए एक आदेश को लेकर उठाया जा रहा है।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने 4 दिसंबर को एक मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। उन्होंने सुब्रमनिया स्वामी मंदिर के अधिकारियों को दूसरे पक्ष के विरोध के बावजूद दीपथून पर शाम 6 बजे तक दीपक जलाने का आदेश दिया था। इससे तमिलनाडु सरकार काफी भड़क गई थी और आदेश मानने से ही इनकार कर दिया था।

### मंदिर के अधिकारों की पुष्टि

विरोध का कारण इसकी सिकंदर बादशाह दरगाह से निकटता थी। इसके अलावा कार्तिकई दीपम आमतौर पर पहाड़ी पर स्थित उचिपेल्लैयार मंदिर के पास दीपा मंडपम पर जलाया जाता है। जस्टिस स्वामीनाथन ने इन सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया। अपने फैसले में न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि दीपथून पर दीप जलाने से दरगाह या मुसलमानों के अधिकारों पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि दीप नहीं जलाया गया तो इससे मंदिर के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। आरोप था कि मस्जिद के ट्रस्टी कथित तौर पर पहाड़ी के खाली हिस्सों पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं।

### मंदिर प्रबंधन सतर्क रहे

जज ने कहा कि भले ही यह परंपरा का मामला न हो,लेकिन दीपथून पर दीप जलाकर मंदिर का शीर्ष पर अधिकार जताना जरूरी है। उन्होंने 1923 के एक फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद ट्रस्टी यथास्थिति को भंग कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन को संपत्ति पर अतिक्रमण के प्रयास को रोकने के लिए चौकस रहना चाहिए।

### तमिलनाडु सरकार ने नहीं माना फैसला

जस्टिस स्वामीनाथन के आदेश को तमिलनाडु सरकार ने लागू करने से मना कर दिया। सरकार ने इसके पीछे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला दिया है। इसी पर अब विपक्ष महाभियोग की तैयारी में है। तमिलनाडु सरकार इस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

## काशी-तमिल संगमम4.0 की पहल 'तमिल करकलाम'

# वाराणसी के 50 स्कूलों में तमिल शिक्षक सिखा रहे तमिल

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी-तमिल संगमम 4.0 की पहल 'तमिल करकलाम' यानी आइए तमिल सीखें' के अंतर्गत जिले के 50 स्कूलों में तमिल भाषा की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। तमिलनाडु से आए 50 शिक्षकों ने अलग-अलग स्कूलों में छात्रों को तमिल भाषा की बुनियादी जानकारी दी। इनमें माध्यमिक और बेसिक स्कूलों के साथ-साथ जिले के निजी और कॉन्वेंट स्कूल भी शामिल हैं। दो विभिन्न पालियों में तमिल शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को तमिल पढ़ाया। इसके अंतर्गत तमिल बोलने के साथ अक्षर ज्ञान भी कराया जा रहा है। छात्रों को स्कूल में तमिल वर्णमाला, स्वर और व्यंजन की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा रोजमर्रा में उपयोग होने वाले वाक्यों जैसे आपका नाम क्या है?, आप किस स्कूल में पढ़ते हैं?, मेरा नाम है, आदि का तमिल में उच्चारण भी सिखाया जा रहा है।

## *बंगाली टोला इंटर कॉलेज में स्पेशल क्लास*



### सांस्कृतिक संगम का उदाहरण बना

पीएम नरेंद्र मोदी की पहल पर आयोजित यह संगमम उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत के संगम का श्रेष्ठ उदाहरण बन चुका है। प्रतिभागियों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना इस आयोजन में सजीव रूप से दिखाई देती है।

शिक्षकों के एक दल ने बंगाली टोला इंटर कॉलेज में स्पेशल क्लास आयोजित की। लगभग दो घंटे चली इस कक्षा में छात्रों को तमिल लिखना और बोलना सिखाया गया। छात्रों ने बताया कि उनके घर के आसपास तमिलनाडु से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, ऐसे में यदि वे तमिल भाषा सीख जाएंगे तो उन पर्यटकों से बातचीत कर सकेंगे और उनकी बातों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। छात्रों ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय की यह पहल अत्यंत उपयोगी है।

### यह सेतु बनकर संबंधों को मजबूत कर रहा

2 दिसंबर से प्रारंभ हुआ यह दो-सप्ताह का कार्यक्रम तमिलनाडु और काशी के बीच सेतु बनकर सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संबंधों को मजबूत कर रहा है। इस आयोजन में तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि सात विभिन्न श्रेणियों छात्र, शिक्षक, लेखक, मीडिया प्रतिनिधि, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पेशेवर एवं शिल्पकार, महिलाएं तथा आध्यात्मिक विद्वान भाग ले रहे हैं। इससे लोगों में निकटता आएगी और कई संस्कृतियों को सीखने का मौका मिलेगा।

## राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए

# हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा व आजीविका का अहम स्त्रोत बना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में वर्ष 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि कला हमारे अतीत की स्मृतियों, वर्तमान के अनुभवों और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन काल से ही मनुष्य चित्रकला या मूर्तिकला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता रहा है। कला लोगों को संस्कृति से जोड़ती है। कला लोगों को एक-दूसरे से भी जोड़ती है।

## यह समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा



### हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित

राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित बनी हुई है, तो इसका श्रेय पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे कारीगरों की प्रतिबद्धता को जाता है। हमारे कारीगरों ने अपनी कला और परंपरा को बदलते समय के साथ ढाला है और साथ ही मूल भावना को भी जीवित रखा है।

उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। यह क्षेत्र देश में 32 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है। हस्तशिल्प से रोजगार और आय प्राप्त करने वाले ज्यादातर लोग ग्रामीण या दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। यह क्षेत्र रोजगार और आय का विकेंद्रीकरण करके समावेशी विकास को बढ़ावा देता है।

# आपसी समन्वय से करें 'अर्बन-रूरल क्लस्टर की अवधारणा पर कामः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नगरीय निकायों की जिम्मेदारी है कि वे अधोसंरचना विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। केवल काम की संख्या नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और स्थायित्व से अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने नगरीय विकास और ग्रामीण विकास विभाग को आपसी समन्वय से 'अर्बन–रूरल क्लस्टर' की अवधारणा पर काम करने के निर्देश दिए।

डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- नगरीय विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ करें पूरा
- मुख्यमंत्री ने की नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा



नगरीय विकास एवं आवास विभाग की बैठक में निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में उपस्थित मंत्री विजयवर्गीय।

### वर्ष 2028 तक पूरे होंगे भोपाल-इंदौर मेट्रो के कार्य

बैठक में आगामी तीन साल की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए तय किया गया कि इंदौर मेट्रो का 6 किमी कॉरिडोर मई 2025 से और भोपाल मेट्रो का 7 किमी कॉरिडोर दिसंबर 2025 से चलेगा। पूरे रूट क्रमशः 2028 तक पूर्ण होंगे और दोनों शहरों में बड़ी राजस्व संभावनाएं बनेंगी।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग 38 शहरों के जीआईएस मास्टर प्लान तैयार करेगा, टीडीआर पोर्टल विस्तार, टीओडी नीति लागू होगी और सिंहस्थ 2028 के लिए एकीकृत मास्टर प्लान आधारित विकास होगा। संस्थागत सुधारों में एकीकृत नपा अधिनियम एक वर्ष में अधिसूचित होगा, सभी संवर्गों का पुनर्गठन अप्रैल 2026 तक, आत्मनिर्भर निकाय प्रोत्साहन के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था होगी।

### मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के कार्य

कार्ययोजना के तहत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के चरण-4 में 1586 करोड़ के का कार्य पूरे होंगे, चरण-5 में 5000 करोड़ से मास्टर प्लान सड़कों का विकास, मार्च 2026 तक 472 ई-बसें संचालन में आएंगी, बस डिपो-चार्जिंग सुविधा विकसित होगी, नमामि गंगे के नए एसटीपी और शहरों में फ्लाईओवर-पार्किंग विस्तार होंगे। बिरसिंहपुर में 1750 करोड़ की लागत वाला 250 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट पीपीपी मॉडल से स्थापित करेगा। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में 8 बायो-सीएनजी संयंत्र, 36 लाख मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट निपटान, 44 सेनेटरी लैंडफिल, 339 एमआरएफ, कम्पोस्ट यूनिट, 3 सी एंड डी प्लांट और 353 छोटे शहरों में 386 एटीपी बनाए जाएंगे।

### भूमि उपयोग के लिए लागू होगी विशेष रणनीति

तय कार्ययोजना के अनुसार तीन साल में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 6 लाख नए आवास स्वीकृति का लक्ष्य है। एआरएच–एएचपी मॉडल को बढ़ावा और बड़े नगर निगमों में भूमि उपयोग के लिए विशेष रणनीति लागू होगी। अमृत 2.0 में 2025–27 के दौरान 1440 करोड़ की जल परियोजनाएं, 9.99 लाख नल कनेक्शन, 7.90 लाख सीवर कनेक्शन, 420 जल संरचना जीर्णोद्धार, 389 पार्क विकास और एससीएडीए से जल आपूर्ति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी। पीएम स्वनिधि में 6,71,332 नए ऋण प्रकरण, 289 नए दीनदयाल रसोई केंद्र, 128 आश्रय स्थलों के संचालन-संधारण का प्रावधान होगा।

---

वर्ष 2026 कृषि आधारित क्षेत्रों के उत्थान के लिए समर्पित, भोपाल को मिलेगी मेट्रो की सौगात: सीएम डॉ. यादव

# पूर्व पीएम स्व. वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर प्रदेश में दो लाख करोड़ के कार्यों का होगा भूमिपूजन-लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुन्देलखंड में केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से बुन्देलखंड में सिंचाई, उद्योग, पेयजल के लिए जो जल की कमी थी उसे पूरा किया जाएगा। नदी जोड़ो अभियान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से सिंचाई, उद्योग के लिए पर्याप्त जलराशि का प्रबंध किया जाएगा। नदी जोड़ो अभियान की प्रगति में मध्यप्रदेश सबसे अग्रणी राज्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड समेत समूचे मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। छतरपुर में ओबेरॉय होटल का शुभारंभ इसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में पर्यटन के साथ-साथ खनन एवं मेडिकल के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है।

**खास बातें**

- खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने दी जानकारी
- बुन्देलखंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी: सीएम





प्रेसवार्ता में योजनाओं की जानकारी देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में उपस्थित मंत्री।

### बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के माध्यम से बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड कैसे आगे बढ़े इस पर लगातार सरकार की ओर से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखंड शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सागर में रानी अवंतिबाई महाविद्यालय का निर्माण, छत्रसाल विश्वविद्यालय के लिए धनराशि का आवंटन, पीएम एक्सीलेंस कॉलेजों की स्थापना की गई है। इसी के साथ बुन्देलखंड अंचल में मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष प्रत्येक विद्यार्थी को रोजगार मिले, इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सतत कार्य वर्षभर किए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 कृषि के संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उनके उत्थान के लिए समर्पित होगा। कृषि से आय के साधन बढ़ानेकृषि आधारित उद्योगों की स्थापना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना समेत सभी कृषिगत औद्योगिक गतिविधियों से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सतत कार्य वर्षभर किए जाएंगे।

### क्षेत्र विकास के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार और जनता के बीच दूरी कम करने के लिए अब अलग-अलग क्षेत्रों के विकास के लिए उन्हीं क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग आयोजित की जाएगी। खजुराहो में आयोजित कैबिनेट बैठक इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय समीक्षा में विगत दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा और आने वाले तीन साल के लक्ष्य तय करने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी माह की 21 तारीख को भोपाल नगर को मेट्रो की सौगात दी जाएगी। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सरकार की ओर से लगभग दो लाख करोड़ के अलग-अलग कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।

---

# मुख्यमंत्री का फैसलाः भूमि संबधी लंबित प्रकरणों के लिए फिर से चलाया जाएगा राजस्व अभियान

*राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से करें पूर्ण* | *राजस्व न्यायालय का कार्य प्रशंसनीय, सीएम ने राजस्व विभाग की समीक्षा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों और आम नागरिकों के भूमि-संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाभियान एक बार फिर से चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले अभियान में काफी लोगों के काम हुए थे, किंतु ऐसा प्रतित होता है कि अभी भी राजस्व मामले पेंडिंग हैं। ऐसे में अभियान चलाकर इसका निराकरण कराएं। इसमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार जैसे प्रकरणों का तेजी से और पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को महाराजा कन्वेंशन सेंटर खजुराहो में राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। इसके लिए प्राथमिकता से पीठासीन अधिकारियों से संपर्क करें। राजस्व अभिलेखों का डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। नागरिकों को उनकी भूमि का त्वरित नक्शा और विवरणों की उपलब्धता आसान बनाए। इसके लिए वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध करायें। यह सुविधा अगले दो वर्ष में पूर्ण करें। वेबसाइट से प्राप्त दस्तावेजों को प्रामाणिक बनाए जिससे दस्तावेजों की डुप्लीकेसी रुकेगी। नवीन आवश्यक आबादी भूमि का चिन्हांकन करें। प्रदेश के नक्शाविहीन ग्रामों का नक्शा बनाएं। भू-अर्जन प्रकरणों के एंड-टू-एंड निराकरण को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया बनाए।



बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने विभाग के दो वर्षों की जानकारी दी

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बैठक में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्ष में कुछ भी ऐसा नहीं हुआ है, जिससे उसे उपलब्धि कहा जाए। विभागीय नवाचार को उपलब्धि नहीं कह सकते। प्रदेश में भू-अभिलेख पोर्टल का नया वर्जन 2.0 दिनांक 1 अगस्त 2025 से शुरू हो गया है। नागरिक अपने मोबाइल पर अपनी भूमि का पूरा रिकॉर्ड देख सकते हैं। मोबाइल एप द्वारा भू-अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त की जा सकती है। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम डीपीडीपी एक्ट के अनुरूप विभागीय पोर्टल का आधुनिकीकरण किया जाएगा। नक्शाविहीन ग्रामों के नक्शे बनाने तथा भू-अर्जन प्रक्रियाओं को एंड-टू-एंड ऑनलाइन किया जाएगा। नवीन आवश्यक आबादी भूमियों का चिन्हांकन किया जाएगा। विश्वास आधारित डायवर्ज़न प्रक्रिया लागू करने की योजना है।

---

एसडीएम के औचक निरीक्षण में खुलासा

# अवैध रेत खनन व वृक्षों की कटाई का मामला उजागर

▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) पेंड्रारोड, विक्रांत अंचल के नेतृत्व में, ग्राम केंवची में दो अलग-अलग महत्वपूर्ण कार्रवाइयों को अंजाम दिया गया है, जिसमें अवैध रेत खनन और शासकीय भूमि पर वृक्षों की अवैध कटाई का खुलासा हुआ है। इन कार्रवाइयों ने स्थानीय प्रशासन की तत्परता और अवैध गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को पुनः रेखांकित किया है।

एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत अंचल ने ग्राम केंवची का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान, ग्राम निवासी बिमलेश मार्को द्वारा अवैध रूप से बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान, लगभग 35 ट्रैक्टर-ट्राली रेत और 3 ट्रॉली गिट्टी को अवैध रूप से भंडारित पाया गया। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस अवैध भंडार को जब्त कर लिया और ग्राम पंचायत सरपंच को सुपुर्दगी में दे दिया। इस कार्रवाई के समय हल्का पटवारी विनोद राठौर, ग्राम कोटवार, सरपंच और ग्रामवासी भी मौके पर उपस्थित थे। यह घटना क्षेत्र में अवैध रेत खनन और भंडारण की समस्या को उजागर करती है। इसी ग्राम केंवची में एक और गंभीर मामला सामने आया, जहां ग्राम के ही निवासी पंचरत्न जैन ने शासकीय भूमि पर लगे पुराने सेमरा वृक्ष को अवैध रूप से काटा। काटी गई लकड़ी को वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0870 में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जैसे ही प्रशासन को इस बात की भनक लगी, मौके पर पहुँचने पर वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए वन विभाग को सूचित किया और मौके पर बुला लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने पंचनामा तैयार कर अवैध रूप से काटी गई लकड़ी और वाहन को वन विभाग के वन परिक्षेत्राधिकारी के सुपुर्दगी में सौंप दिया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

---

विकास कार्यों का किया भव्य लोकार्पण

# डिप्टी सीएम ने नपा अम्बिकापुर को दी करोड़ों रुपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन तथा लोक निर्माण विकास मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका अम्बिकापुर क्षेत्र के लिए 82 करोड़ 23 लाख 71 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में सरगुजा तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। केवल 23 महीनों में अम्बिकापुर के शहरी विकास के लिए 209 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि सरगुजा संभाग में लोक निर्माण



विभाग से 1737 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिससे पूरे संभाग में सड़कों का कायाकल्प होगा। साव ने आश्वस्त किया कि विष्णु के सुशासन में प्रदेश सरकार तेजी से विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर शहर को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने हेतु फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा।

---

सीएम डॉ. मोहन ने की औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा

# मप्र के बीड़ी श्रमिकों को मुख्यधारा के रोजगार से जोड़ा जाएः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वन विभाग से समन्वय कर समुचित समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मप्र के तेंदूपत्ता से पश्चिम बंगाल में बीड़ी उद्योग फल-फूल रहा है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों और बीड़ी बनाकर आजीविका चलाने वाले हजारों परिवारों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तेंदूपत्ता मप्र की संपत्ति है। इससे मिलने वाला रोजगार यहीं के लोगों को मिलना चाहिए। बीड़ी श्रमिकों को फिर से रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को खजुराहो में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीड़ी बनाने वाले परिवारों को लगातार और बेहतर काम उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाओं के रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि तेंदूपत्ता आधारित बीड़ी उद्योग से जुड़ा हर परिवार सम्मानजनक और स्थायी आय प्राप्त करे। राज्य की वन उपज का लाभ अब सीधे हमारे ही श्रमिकों को मिले।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। साथ में मौजूद मंत्री काश्यप।

### परिवारों के जीवन में फिर से उजाला लाने का प्रयास

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह पहल उन सभी परिवारों के जीवन में फिर से उजाला लाने की दिशा में एक ठोस कदम होगा, जो वर्षों से तेंदूपत्ता और बीड़ी निर्माण से जुड़े रहकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान देते आए हैं। निवेश आकर्षण में सफलता, जीआईएस और आरआईसी के माध्यम से 12.70 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव। पिछले दो वर्षों में 327 एमएसएमई और बृहद इकाइयों में उत्पादन प्रारम्भ, 40,516 रोजगार सृजित की जाएगी।

### निवेश उपलब्धियां

2.48 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को भूमि आवंटन, 2.85 लाख रोजगार संभावित। 229 इकाइयों में निर्माण प्रारम्भ, 81,206 रोजगार संभावित। साधिकार समिति द्वारा 105 प्रकरणों का त्वरित समाधान। 18,685 करोड़ रुपए के 43 प्रोजेक्ट्स को कस्टमाइज्ड पैकेज स्वीकृत, 21,835 रोजगार संभावित।

---

केखम्हारडीह का मामला, पुलिस कर रही जांच

# पत्नी की हत्या के बाद ट्रेन से कटकर पति ने भी दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खम्हारडीह इलाके में मंगलवार सुबह एक ऐसा मामला सामने आया जिसने पूरे मोहल्ले को स्तब्ध कर दिया। चंडी नगर में रहने वाले राजन गुप्ता ने कथित तौर पर अपनी पत्नी रेखा गुप्ता की जान ले ली और कुछ ही घंटों बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस को शक है कि घरेलू तनाव और लगातार बढ़ रही कलह इस दोहरी त्रासदी की मुख्य वजह रही। मिली जानकरी के अनुसार, सुबह पति-पत्नी के बीच कहासुनी बढ़ी और बात अचानक हिंसा तक पहुंच गई। गुस्से में राजन ने पत्नी की हत्या कर दी और वहां से निकल गया। कुछ समय बाद रेलवे ट्रैक से सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से कटकर मर गया है। पहचान होने पर पता चला कि वह राजन गुप्ता ही था। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें राजन ने घटना की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुए मानसिक तनाव और टूटते रिश्तों का जिक्र किया है। पुलिस ने नोट को साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया है।

---

हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचना सुनिश्चित होः सीएम

# वर्ष 2028 तक प्रदेश के हर घर तक पाइपलाइन से गैस पहुंचाने का लक्ष्य

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष ने 2028 तक मध्य प्रदेश के हर घर तक पाइपलाइन से गैस पहुंचाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को इस दिशा में अभियान चला कर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न वितरण का लाभ सुगमता से पहुंचना चाहिए।

डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से लक्षित सार्वजनिक प्रणाली, उपार्जन प्रक्रिया, तकनीकी नवाचार, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर रिव्यू किया गया। इस दौरान डॉ. यादव ने विभाग द्वारा किए गए नवाचारी प्रयासों की सराहना की, वहीं अन्य विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई एवं रश्मि अरुण शमी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।





बैठक में चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्री राजपूत।

### ई-केवाईसी एवं राइट फुल टारगेटिंग कार्य की सराहना

बैठक में विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी एवं राइट फुल टारगेटिंग कार्य की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रक्रिया नियमित अंतराल में दोहराई जाए, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को निःशुल्क खाद्यान प्राप्त हो सके।

### उचित मूल्य की दुकानों पर लगेगी पीओएस मशीनें

समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना के बारे में बताया गया कि राशन वितरण व्यवस्था को अधिक तेज और पारदर्शी बनाते हुए उचित मूल्य दुकानों पर आधुनिक पीओएस मशीन लगाई जाएगी, जिसमें पीओएस मशीन से तौल कांटे का इंटिग्रेशन एवं आईरिस स्केनर का प्रावधान है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत स्मार्ट पीडीएस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय गोदामों की छत पर सोलर पैनल लगाने, भण्डारण प्रक्रिया का मॉर्डनाइजेशन और गोदामों का अपग्रेडेशन करने के साथ उन्नत तकनीकी की सहायता से विभिन्न स्तरों पर डेटा सिंक्रोनाइजेशन के कार्य भी किए जाएंगे।

### अखाड़ों के लिए जारी होंगे अस्थाई राशन कार्ड

सिंहस्थ-2028 के लिए खाद्यान्न सामग्री के वितरण के लिए तैयार की गई योजना की जानकारी भी बैठक में दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य विभाग, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी नागरिक आपूर्ति निगम, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन सहयोग से समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अखाड़ों की मांग के अनुसार अस्थायी राशन कार्ड जारी किया जाएगा। साथ ही, मेला क्षेत्र में 40 उचित मूल्य दुकानों की स्थापना की जाएगी। यह व्यवस्था सुचारू रहे इसलिए मेला क्षेत्र को 8 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भंडारण के लिए गोदामों की स्थापना की जाएगी।

▸ हाईकोर्ट ने याचिका निरस्त कर कहा, अवैध प्रवेश की नींव पर ली गई डिग्री रखने की नहीं दे सकते इजाजत

▸ एमबीबीएस करने के बाद इंटर्नशिप प्रमाणित निरस्त करने को दी गई थी चुनौती

# बैक डोर से आने वालों को पीछे के दरवाजे से ही जाना होगा

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि बैक डोर से आने वालों को पीछे के दरवाजे से ही जाना होगा। अवैध प्रवेश की नींव पर ली गई डिग्री रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती।



जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने इस मत के साथ भोपाल के युवक की याचिका खारिज कर दी। एमबीबीएस करने के बाद गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल ने याचिकाकर्ता का इंटर्नशिप प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया था। इसे याचिका में चुनौती दी गई थी।

कोहेफिजा, भोपाल निवासी सुप्रीत प्रताप सिंह ने यह याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि 2010 में पीएमटी पास कर उसने गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप भी पूरी की। लेकिन 28 मई 2021 को गांधी मेडिकल कालेज ने उसे कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।नोटिस में कहा गया कि उसने 2010 में पीएमटी परीक्षा अवैध तरीके से पास की थी। उसके खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसलिए क्यों न उसका इंटर्नशिप प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया जाए। याचिकाकर्ता ने इसका जवाब दिया, लेकिन 11 अक्टूबर 2021 को उसका इंटर्नशिप प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया गया। तर्क दिया गया कि पीएमटी परीक्षा देते वक्त वह नाबालिग था। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के निर्देश पर उसने प्रोबेशन अवधि पूरी की थी। जुर्माना भी दिया था। इसलिए उसे जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 के तहत एक नई शुरुआत करने का अधिकार है।राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता मानस मणि वर्मा ने याचिक का विरोध किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि नई शुरुआत का अर्थ भविष्य से है। लेकिन कानून अवैध रूप से प्रवेश लेकर पूर्ण की गई डिग्री को जारी रखने की अनुमति नहीं देता।

### नियमितिकरण के लिए मुख्य सचिव के नियंत्रण में नीति व समिति बनाने दिए निर्देश

## हाई कोर्ट ने 38 वर्ष सेवा के बाद नियुक्ति अवैध ठहराने का आदेश किया निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने 38 वर्ष की सेवा के बाद नियुक्ति का अवैध ठहराने का आदेश अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इसी के साथ नियमितिकरण के लिए मुख्य सचिव के नियंत्रण में नीति व समिति बनाने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता उद्यान विभाग, जबलपुर में कार्यरत राकेश चौरसिया की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 38 वर्ष से कार्यरत है। उसे नियमितिकरण चाहिए। लेकिन ऐसा न करते हुए उसकी नियुक्ति को ही अवैध करार दे दिया गया। सवाल उठता है कि पूर्व में हाई कोर्ट के निर्देश पर जब विनियमितिकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी, तब नियुक्ति के अवैध होने का बिंदु रेखांकित नहीं किया गया था। किंतु जब नियमितिकरण का समय आया तो नियुक्ति को अवैध ठहराने का आदेश जारी कर दिया गया। इस वजह से नए सिरे से याचिका के जरिए हाई कोर्ट आना पड़ा। हाई कोर्ट ने पूरे मामले पर गौर करने के बाद याचिकाकर्ता को राहत दे दी।



### कई महत्वपूर्ण विषयों पर विधानसभा में उठाए मुद्दे

## उत्तर मध्य का होगा समग्र विकास : पांडे

**जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ.अभिलाष पांडे ने यहां कहा कि विधानसभा के समग्र विकास के लिए सभी महत्वपूर्ण विषयों को और नागरिक सुविधा व सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया गया। युवाओं के कौशल प्रशिक्षत, बच्चों में स्मार्टफोन की लत, डिजिटल सुरक्षा, ई-रिक्शा व्यवस्था, शहरी अवसंरचना और अन्य जनहित के मुद्दों पर भी सरकार से जवाबदेही पर जवाब मांगा। डॉ. पांडे यहा पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे, उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सड़क, जल, शिक्षा, को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में 52 करोड़ की लागत से नाली निर्माण कराया गया है। 70 लाख की लागत से पानी की टंकी का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। 234 करोड़ की लागत से रोपवे का निर्माण प्रस्तावित है। आईटीआई और मंडी का निर्माण भी प्रस्तावित है। नवीन मंडी में किसानों को आधुनिक सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद लवलीन आनंद, पूर्व पार्षद रुपराम पटैल, अंकित पाठक, सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

## भगवान श्री चित्रगुप्त तिराहा एवं श्री चित्रगुप्त मार्ग पर शिलालेख का अनावरण

**जबलपुर।** नगर के कायस्थ समुदाय की भावना का सम्मान करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने शहर के प्रमुख तिराहे एवं मार्ग का नाम भगवान श्री चित्रगुप्त जी के नाम परकरण करने का संकल्प लिया। लंबे समय से इस मांग को लेकर महासभा द्वारा माननीय महापौर श्री जगत



बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज से अनुरोध किया गया था। महापौर एवं नगर निगम अध्यक्ष ने मेयर इन काउंसिल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्यटन विभाग के निकट स्थित तिराहा एवं रेलवे स्टेडियम मुख्य मार्ग का नाम भगवान श्री चित्रगुप्त मार्ग रखने की स्वीकृति प्रदान की। इसी उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने वहां शिलालेख स्थापित कर उसका विधिवत अनावरण किया। महासभा ने नगर निगम प्रशासन, महापौर और मेयर इन काउंसिल के समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तिराहे के सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी भी स्वयं ली।

## कमलेश गुप्ता राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश सचिव नियुक्त

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी एवं राष्ट्रीय सयोजक नलिनकांत वाजपेयी की अनुमति से मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक एवं प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया ने संस्कारधानी के



बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी पल पल न्यूज़ इंडिया टीवी के चैनल हेड कमलेश गुप्ता को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश सचिव बनने पर राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, प्रकाश तिवारी सहित अनेक पदाधिकारीयों ने पुष्पहार से अभिनन्दन स्वागत करते हुए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा जाताई कि उनके नेतृत्व में संगठन हित में अनेक सफल कार्यक्रमों की श्रृंखला अनवरत चलाएंगे।

## *जबलपुर में तीन प्रमुख मार्ग और चौक हुए नामित*

**जबलपुर।** मेयर-इन-काउंसिल बैठक में



फूटाताल चौक से व्यौहार जी के बाड़े तक के मार्ग का नाम "स्व. श्री प्रभाकर रूसिया मार्ग", चिरायु अस्पताल के पास आदि अपार्टमेंट के मध्य चौक का नाम "भगवान विश्वकर्मा" और कचनार सिटी रोड पर जे.डी.ए. मार्केट के पास चौक का नाम "ब्रह्मर्षि सौभरि चौक" रखा गया। निगमाध्यक्ष रिंकुज विज ने प्रस्ताव को स्वीकृति दी और आयुक्त को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## जबलपुर के तालाब होंगे स्वच्छ और सुंदर, निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के प्रमुख तालाबों रानीताल, हनुमानताल और शांति नगर स्थित सीता सरोवर का औचक निरीक्षण कर उन्हें साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को तालाबों के चारों ओर हरियाली, पैदल पथ और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जल और आसपास का कचरा तुरंत हटाने के आदेश दिए गए। निगमायुक्त ने जल में सीवेज के प्रवेश और अतिक्रमण पर रोक लगाने का भी सख्त निर्देश दिया। अहिरवार ने कहा कि ये तालाब शहर की धरोहर हैं और इन्हें पर्यटन और नागरिकों के लिए आकर्षक स्थल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट देने को कहा गया।

### 100 से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

## एफपीए इंडिया ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** रद्दी चौकी आनंद नगर स्थित सेंट अब्राहम स्कूल (मक्का नगर, गली नंबर 3) में फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, जबलपुर शाखा एवं जागृति युवा मंच समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में एफ.पी.ए. इंडिया जबलपुर के ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम की विशेष भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर ने क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाया।




शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को उचित स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उनकी जांच करना तथा आवश्यक दवाएं निःशुल्क प्रदान करना था। क्षेत्रवासियों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला और 100 से भी अधिक लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कई लोगों ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह श्री रवि शरण गौतम से किया। शिविर में एफ.पी.ए. इंडिया की वरिष्ठ स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. नमिता पाराशर ने उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को महिला स्वास्थ्य, एचआईवी/एड्स और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और जागरूकता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण परामर्श प्रदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने में एफ.पी.ए. इंडिया की सिस्टर अंतु, सिस्टर समता, रामबगस, ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम, तथा जागृति युवा मंच समिति की आयुषी साहू एवं उनकी पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### आज खत्म हो रही रिमांड, कई चौंकाने वाले खुलासों से हड़कंप

# अमित खंपरिया के पूरे नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि, जबलपुर।

टोल घोटाला, निवेश के नाम पर ठगी सहित धोखाधड़ी के कई मामलों में तीन सालों से फरार अमित खम्परिया की पुलिस रिमांड आज खत्म हो रही है। पुलिस ने तीन दिनों में उससे पूछताछ में कई राज उगलवाएं हैं। जिसके आधार पर सतना में दबिश देकर टीम लौट आई है कुछ दस्तावेज और बंदूक सतना से जब्त की गई है। पुलिस आज अमित खम्परिया को न्यायालय में पेश कर रिमांड बढ़ाने का आवेदन भी दे सकती है।

अब तक की पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने उसके तमाम ठिकानों की बारीकी से जांच पड़ताली की, इस दौरान पुलिस को कई संभावित डिजिटल दस्तावेज़, लेजर, फाइलें, यूएसबी डिवाइस, और ऐसे रिकॉर्ड मिले हैं जिनसे वसूली और हवाला कनेक्शनों की पुष्टि होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि ऑफिस में मिले दस्तावेज़ों में फर्जी कंपनियों, उधार देने के नाम पर लोगों को फंसाने के मॉड्यूल और टोल कलेक्शन संबंधित कई संदिग्ध लेन-देन के रजिस्टर शामिल हैं। पुलिस टीम ने ऑफिस से बरामद कंप्यूटर हार्ड डिस्क और मोबाइल डेटा भी कब्जे में लिया है।



### बरामद सामानों की होगी फॉरेंसिक जांच

सूत्रों के अनुसार घर से कई लाख के दस्तावेज़, सोने-चांदी के आभूषण, संदिग्ध नोटबुक, सीसीटीवी डीवीआर और कुछ मुहरबंद पैकेट भी मिले हैं। इन पैकेटों में क्या है, इसका खुलासा फॉरेंसिक जांच के बाद होगा।

### सतना में दबिश, घर से मिली बंदूक

सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब पुलिस की दूसरी टीम सतना स्थित उसके घर पहुंची। रिमांड में खम्परिया की स्वीकारोक्ति और मिले इनपुट्स के आधार पर टीम ने घर की तलाशी ली, जहां से एक बंदूक बरामद की गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हथियार कानूनी रूप से वैध था या नहीं और इसका इस्तेमाल किस-किस गतिविधियों में किया गया।

### पार्टनर्स और एजेंटों की बन रही सूची

पुलिस पूछताछ में खम्परिया ने स्वीकार किया है कि उसके पास फर्जी पहचान पत्रों का पूरा नेटवर्क, हवाला चैनलों के कनेक्शन और कई जिलों में 'कलेक्शन पॉइंट' चलते थे। पुलिस अब यह जांच रही है कि ऑफिस से मिले दस्तावेज़ उसके किन पार्टनर्स और एजेंटों से जुड़े हैं। नागपुर और मुंबई के जिन दो एजेंटों का नाम पहले सामने आया था, उनके नंबर और बैंक ट्रेल से भी कई चौंकाने वाली कड़ियाँ जुड़ रही हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युप बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण** – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण**– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

- जिला की मांग पर भारी भीड़ धरना स्थल पर जमा रही
- स्थिति बेहद तनाव पूर्ण, पुलिस बल तैनात

# चप्पे-चप्पे पर दिखा सिहोरा खितौला बंद का व्यापक असर






**सिहोरा।** जिले की मांग पर जहां चप्पे-चप्पे पर सिहोरा खितौला बंद का व्यापक असर दिखा वहीं प्रस्तावित जिले के कोने कोने से आन्दोलन में शामिल होने हजारों लोग पहुंचे और सभी ने एक स्वर में सिहोरा जिले की मांग की। अनशरत प्रमोद साहू जैसे ही मंच पर पहुंचे उनके गिरते स्वास्थ्य की स्थिति को देखकर मौजूद जनसमूह में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। काल भैरव चौक से विशाल वाहन रैली भी निकाली गई जो नगर भ्रमण कर धरना स्थल बस स्टेंड पहुंची। पूरा शहर जिले के लिए एकजुट दिखा। न तो बस चली और न ही आटो सभी स्कुलो के साथ साथ सब्जी मंडी भी बंद रही।

## प्रमोद साहू ने अन्न के बाद त्यागा जल

प्रमोद साहू का कमजोर शरीर, लड़खड़ाते कदम और चेहरे पर साफ झलकती पीड़ा ने जनता को झकझोर कर रख दिया। मंच के सामने मौजूद लोग भावुक भी दिखे और आक्रोशित भी। लोगों का कहना था कि एक शांतिपूर्ण सत्याग्रही को इस हालत तक पहुंचने देना शासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। इस समय स्थिति बेहद तनाव पूर्ण है। सुरक्षा की दृष्टि से सिहोरा में भारी पुलिस बल तैनात था । सड़कें गलियां सूनी रही जिला के लिए लोगों का ऐसा समर्थन 25 शाल बाद देखने को मिला है जब सर्वदलीय लक्ष्य जिला आन्दोलन के बैनर तले सभी दल के साथ समाजिक संगठनों के अलावा सिहोरा,मझौली,बहोरीबंद,ढीमरखेड़ा से अनेक लोग जुटे उपनगर खितौला में हर छोटी-बड़ी दुकाने तथा स्कुल भी पूरी तरह से बंद थे यातायात ठप्प रहने से बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चाय पान तक के लिए लोग तरस गए लोग।

## अब नहीं चलेगी सिहोरा की उपेक्षा और सौतेलापन

व्यापारी संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यह अब आर्थिक नुकसान का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य और सम्मान का सवाल है इसलिए हमलोग बंद रखेंगे वहीं आन्दोलन कारियों ने कहा अभी तक जिला के लिए सरकार ने केवल आश्वासन दिया है जो लोगों के भारी आक्रोश का सबसे बड़ा कारण बना और सिहोरा की इस हालत के लिए जनप्रतिनिधियों और सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भाजपा ने लगातार लोगों की बोट हासिल कर सरकार बनाई और केवल यहां के लोगों को मूर्ख बनाया जिला के लिए ऐसा कुछ नहीं किया जिससे समझ में आये की जिला की कार्रवाई चल रही है पर अब यह सौतेलापन और उपेक्षा नहीं चलेगी।

## सभी के सर पर सिहोरा जिले की टोपी

आन्दोलन में शामिल होने आये सभी लोगों के सर पर जय सिहोरा जिला सिहोरा की टोपी लगी थी जिन्होंने सिहोरा जिले की मांग के नारे लगाकर अपनी आवाज बुलंद की सरकार और प्रशासन की हद दर्जे की असंवेदनशीलता ने भी लोगों की नाराज़गी बढ़ाई ही है।आन्दोलन कारियों ने सिहोरा जिले में कलेक्टर एसपी की पद स्थापना से कम कुछ भी स्वीकार करने से मना कर दिया है।

## तो सिहोरा को ग्राम पंचायत ही बना दो?

आंदोलनकारियों ने पूर्व में जारी राजपत्र और पूर्व में भाजपा नेताओं द्वारा सिहोरा को जिला बनाने को लेकर की गई घोषणाओं को आधार बनाकर सरकार से सीधा दावा किया। जनता का कहना है कि जब सब कुछ दस्तावेज़ों और बयानों में दर्ज है, तो फिर फैसले में देरी क्यों? आन्दोलन कारियों ने कहा अगर जिला की घोषणा कभी हुई ही नहीं और हम सिहोरा वासी गलत बोल रहे हैं तो हमारे सत्याग्रह को ठुकरा दो और सिहोरा को ग्राम पंचायत ही बना दो?



फोटो सुधीर 2

# जनेकृविवि में विश्व मृदा दिवस सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में ''स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी'' थीम पर मृदा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जबलपुर चैप्टर इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस एवं मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा सप्ताह भर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाषण, क्विज, तात्कालिक भाषण, ऑफ-स्पॉट एवं ऑन-स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने मृदा स्वास्थ्य व शहरी पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहरों में बढ़ते कंक्रीटीकरण से जल अवशोषण की क्षमता कम हो रही है, जिससे भूजल संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने वर्षाजल को धरती में समाहित करने हेतु जल सोखता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही कृषि में अत्यधिक रासायनिक उपयोग को मृदा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए अधिकतम कार्बनिक खाद एवं जैव उर्वरक अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने सप्ताह भर चलने वाले संपूर्ण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. एच.के. राय, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. सोमनाथ सर्वदे, डॉ. ए.एन. गौतम, डॉ. मानस गुप्ता, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. गुलाब पाठक सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# छात्रावास के बच्चों को वितरित किए गर्म कपड़े



**बरेला।** नगर केशासकीय आदिवासी बालक छात्रावास के कुछ गरीब बच्चों के पास गर्म कपड़ों की कमी थी, अधीक्षक अनिल अग्रवाल औरकर्मचारी अरविंद पाठक ने समाज सेवी भगवान दास साहू को जानकारी दी एवं तो उन्होंने छात्रों के लिए तत्काल व्यवस्था कर दी एवं शाम को सभी छात्रों को इनर एवं ऊनी टोपियां प्रदान की।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ डी के गुप्ता, संजय साहू एवं संदीप साहू उपस्थित रहे।

# मावे की 25वीं वार्षिक आमसभा नई योजनाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश महिला उद्यमी संगठन (मावे) की 25वीं वार्षिक आमसभा मावे ऑफिस, क्रोमा शोरूम, गोरखपुर, जबलपुर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता मावे की चेयरपर्सन एवं फाउंडर श्रीमती अर्चना भटनागर तथा अध्यक्ष श्रीमती भावना मदान ने की। दोनों ने सभी कार्यकारिणी एवं सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए संगठन के निरंतर विकास और उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में वर्ष भर की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन ज्वाइंट सेक्रेटरी श्रीमती जसमीत कौर द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि कोषाध्यक्ष श्रीमती निशा नायर ने संगठन का वित्तीय लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष रखा। इसके पश्चात ओपन हाउस चर्चा में सदस्यों के सुझावों और आगामी योजनाओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष श्रीमती भावना मदान ने कहा कि मावे का प्रमुख उद्देश्य है महिलाओं को सरकारी योजनाओं और स्कीम्स की जानकारी सरल रूप में उपलब्ध कराकर उनके व्यवसायिक विकास में सहयोग प्रदान करना। इस आमसभा में आगामी वर्ष की सभी योजनाओं और गतिविधियों का प्रारूप सदस्यों के सक्रिय सहयोग से तैयार किया गया। सभी के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप मावे की 25वीं वार्षिक आमसभा अत्यंत सफल और सार्थक रही। संगठन भविष्य में भी महिला उद्यमिता को सशक्त और समृद्ध बनाने के उद्देश्य के साथ निरंतर अग्रसर रहेगा।

# श्री मां अम्बा शतचंडी यज्ञ 19 से 26 जनवरी तक



**मझौली।** श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ की दूसरी बैठक नगर में सम्पन्न हुई, जिसमें धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सभी ने श्री विष्णु वराह महाप्रभु जी के सान्निध्य में मझौली में होने वाले भव्य यज्ञ आयोजन के लिए तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया। यह शतचंडी महायज्ञ 19 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञ को सफल और सुव्यवस्थित बनाने हेतु तैयारियाँ जोर–शोर से जारी हैं।

## जय दादा ठन ठन पाल फिल्म के प्रदर्शन के लिए समिति गठित

**बरेला।** नर्मदा खंड के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 दादा ठनठनपाल जमुनिया वाले महाराज के चमत्कारों पर आधारित फिल्म के प्रदर्शन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में फिल्म निर्माण समिति और दादा दरबार समिति, नगर और क्षेत्र के दादा भक्तों को मिलाकर इस समिति का गठन किया गया है ताकि फिल्म का प्रमोशन हो सके।इस अवसर पर आयोजन समिति के लिए संरक्षक गण, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष, प्रचार समिति एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया। तथा बैठक में फिल्म के प्रदर्शन को लेकर शीघ्र तिथि निर्धारित करने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर जय दादा ठनठनपाल फिल्म के निर्देशक संतोष सरगम ने बताया कि फिल्म का निर्माण पूरी तरह हो चुका है तथा फिल्म पूर्णतया प्रदर्शन के लिए तैयार है। इस फिल्म के प्रदर्शन को लेकर नगर एवं क्षेत्र के समस्त दादा भक्तों में उत्साह का माहौल है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं PRATEEK AGARWAL उम्र 47 वर्ष S/O SURENDRA KUMAR AGARWAL मेरी 10th, 12th की अंकसूची में मेरा नाम (PRATEEK RANJAN AGARWAL) लिखा हुआ है जो की गलत है मेरा सही नाम (PRATEEK AGARWAL) है जो कि मेरे आधार, पेन और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे सही नाम (PRATEEK AGARWAL) से जाना पहचाना जाए।
नया नाम :- PRATEEK AGARWAL
पुराना नाम :- prateek ranjan agarwal
पता - : 94 नयागांव रामपुर जबलपुर

**सार्वजनिक सूचना**

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
क्रमांक-प्र.का.से.का.से. 2025-26/806
दिनांक - 04/12/2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 21 अंतर्गत मौजा लक्ष्मीपुर न.बं. 643 प.ह.नं. 04 खसरा नं. 12/1/1, 12/1/2, 12/4, 13/3 कुल रकबा 14600 वर्गमीटर में से 4805.87 वर्गमीटर भूमि पर शॉपिंग मॉल विकास की अनुमति हेतु परोहा डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड पार्टनर श्री मोहन प्रसाद परोहा जबलपुर कालोनाईजर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है

बंधक फ्लेट- छठवें तल पर दो नग हॉल BUA 731.65 वर्ग मीटर तथा नवमें तल पर कमरा क्रमांक 1 एवं 2 BUA 34.50 वर्ग मीटर इस प्रकार कुल 04 नग कुल क्षेत्रफल BUA 766.15 वर्गमीटर

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कॉलोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कॉलोनी सेल
नगर पालिक निगम जबलपुर

# पंचकल्याणक गजरथ महा महोत्सव के भव्य आयोजन में बहनों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा



**जबलपुर।** हनुमानताल संभाग स्थित शासनोदय जैन बड़ा मंदिर में अखिल दिगंबर भारतवर्षीय मुनिसुब्रत्न नाथशाखा द्वारा सुंदरी दयोदय पंचकल्याणक गजरथ महा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज जी के सानिध्य में मढ़िया जी दद्दा परिषद के अंतर्गत संपन्न हुआ। शुभारंभ में घटयात्रा के अवसर पर शाखा को प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का पुण्य अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें शाखा की बहनों ने उत्साहपूर्वक और बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सचिव श्रीमती निधि जैन को राजा नाभिराय और कोषाध्यक्ष श्रीमती आस्था जैन को माता मरूदेवी बनने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन, संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती संध्या जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती नीलिमा जैन, शाखा की सभी बहनों, श्रीमती रानी जैन, श्रीमती निधि जैन पेड़ा, श्रीमती नीता जैन सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।

**श्री नाहर सिंह पाल-** गोरखपुर स्थित अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने निवासी श्री नाहर सिंह पाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री केशव प्रसाद यादव-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री भोत्तन लाल यादव के पुत्र श्री केशव प्रसाद यादव (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला कनौजिया-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री राम कृपाल कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती शीला कनौजिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विद्या यादव-** बाबा की बगिया पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री सुदर्शन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष सेन-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री संतोष सेन (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्रीमती शशि पांडे-** पांडे चौक महात्मा गांधी वार्ड निवासी श्री नारायण प्रसाद पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती शशि पांडे (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा तोमर-** जवाहरगंज खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री भगवान दास तोमर की धर्मपत्नी श्रीमती राधा तोमर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोहर ग्रानिया-** अम्बेडकर नगर सदर निवासी श्री निवासी श्री मनोहर ग्रानिया (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री भूरा प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम राजपूत-** डिलाइट कम्पाउंड सिविल लाइन निवासी श्री दुर्गा प्रसाद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम राजपूत (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई रैकवार-** भोला नगर बाबा टोला निवासी श्री मोहन लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई रैकवार (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बीसी पंसारी-** गली नं. 12, शांति नगर दमोहनाका रोड निवासी श्री बीसी पंसारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन चौधरी-** चौपड़ा कुआं राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री किशन चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश चंद्र सेन-** मदर टेरेसा नगर करमेता निवासी श्री कैलाश चंद्र सेन (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुधीर सक्सेना-** कछियाना लालमाटी निवासी श्री सुधीर सक्सेना (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विश्पत-** गली नं. 5 पोलीपाथर निवासी श्री विश्पत (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महावीर गोंटिया-** छुई खदान मुखर्जी वार्ड निवासी श्री महावीर गोंटिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति वर्ग से.मी.
सिंगल साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 10x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/996/2024
**Process Id: 251062/2025**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
JAGAT SHRIPAL @ JAGAT PRASAD, प्रत्यर्थी सन् 2023 के MACC क्रमांक-2283 सन् 2023 में न्यायालय 20th Addl. MACT SHRI RAJESH KUMAR TIWARI, JABALPUR (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 14-08-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Hemchandra Kori S/o Aman Prasad, R/o H No 15 Nagpur Road Near Bajnamath Temple Tripuri Ward Garha District- Jabalpur, Madhya Pradesh**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 09/01/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 09/01/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 09/01/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/996/2024
**Process Id: 251061/2025**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
JAGAT SHRIPAL @ JAGAT PRASAD, प्रत्यर्थी सन् 2023 के MACC क्रमांक-2283 सन् 2023 में न्यायालय 20th Addl. MACT SHRI RAJESH KUMAR TIWARI, JABALPUR (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 14-08-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Anil Barman S/o Kailash Barman, R/o Sai Colony Sanchar Nagar Lamti Jabalpur, District- Jabalpur, Madhya Pradesh**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 09/01/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 09/01/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 09/01/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/995/2024
**Process Id: 251120/2025**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
SAROJ BAI GADARI, प्रत्यर्थी सन् 2023 के MACC क्रमांक-2313 सन् 2023 में न्यायालय 20th Addl. MACT SHRI RAJESH KUMAR TIWARI, JABALPUR (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 14-08-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Anil Barman S/o Kailash Barman, R/o Sai Colony Sanchar Nagar Lamti Jabalpur, District- Jabalpur, Madhya Pradesh**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 09/01/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 09/01/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 09/01/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/995/2024
**Process Id: 251121/2025**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
SAROJ BAI GADARI, प्रत्यर्थी सन् 2023 के MACC क्रमांक-2313 सन् 2023 में न्यायालय 20th Addl. MACT SHRI RAJESH KUMAR TIWARI, JABALPUR (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 14-08-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Hemchandra Kori S/o Aman Prasad, R/o H.No.15 Nagpur Road Near Bajnamath Temple Tripuri Ward Garha Jabalpur, District- Jabalpur, Madhya Pradesh**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 09/01/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 09/01/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 09/01/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

### एक सरकारी समिति ने दिया सुझाव

# एआई कंपनियों को कॉपीराइट कार्यों के उपयोग के लिए व्यापक लाइसेंस का सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) डेवलपर को एआई प्रणालियां तैयार करने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध सभी कॉपीराइट-संरक्षित सामग्री का उपयोग करने के लिए अनिवार्य लाइसेंस देने का एक सरकारी समिति ने सुझाव दिया है। साथ ही इस पर संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया व विचार मांगे गए हैं। समिति की सिफारिश के अनुसार, लाइसेंस के साथ कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी होना चाहिए। ये सुझाव समिति द्वारा तैयार किए गए कार्य पत्र का हिस्सा हैं जिसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हितधारकों के विचार जानने के लिए जारी किया गया है।

- संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया व विचार मांगे गए हैं

**खास बातें**

- वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी होना चाहिए
- डीपीआईआईटी ने 28 अप्रैल 2025 को एक समिति का गठन किया था



### समिति की अध्यक्षता पांडे ने की

एआई प्रणालियों और कॉपीराइट से संबंधित उभरते मुद्दों पर विचार-विमर्श की बढ़ती आवश्यकता को स्वीकार करते हुए डीपीआईआईटी ने 28 अप्रैल 2025 को एक समिति का गठन किया था। आठ सदस्यीय इस समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव हिमानी पांडे ने की। इसमें कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

### उठाए गए मुद्दों की पहचान जरूरी

इसे समिति को एआई प्रणालियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की पहचान करने, मौजूदा नियामक ढांचे की जांच करने, इसकी पर्याप्तता का आकलन करने और यदि आवश्यक हो तो बदलावों की सिफारिश करने के अलावा हितधारकों के साथ परामर्श के लिए एक कार्य पत्र तैयार करने का कार्य सौंपा गया था।

### वैधानिक पारिश्रमिक अधिकार भी दिया गया

पत्र में कहा गया, '' बहुमत के आधार पर समिति ने एआई प्रणाली के प्रशिक्षण में सभी वैध रूप से प्राप्त कॉपीराइट-संरक्षित कार्यों के उपयोग के लिए एआई डेवलपर के पक्ष में एक अनिवार्य व्यापक लाइसेंस की सिफारिश करने का निर्णय लिया है। साथ ही कॉपीराइट धारकों के लिए एक वैधानिक पारिश्रमिक अधिकार भी दिया गया है।''

### रॉयल्टी प्राप्त करने का विकल्प नहीं होगा

इस ढांचे के तहत, अधिकार धारकों के पास एआई प्रणालियों के प्रशिक्षण में अपने कार्यों को सीमित करने रखने का विकल्प नहीं होगा। इसमें कहा गया, '' कॉपीराइट स्वामियों के रॉयल्टी प्राप्त करने के अधिकार को संरक्षित करके तथा अधिकार धारकों द्वारा बनाए गए तथा सरकार द्वारा नामित एकल संगठन के माध्यम से इसे प्रशासित करके...मॉडल का उद्देश्य एआई प्रशिक्षण के वास्ते एआई डेवलपर के लिए सामग्री तक आसान पहुंच प्रदान करना, लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाना, लेनदेन लागत को कम करना तथा अधिकार धारकों के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करना है।''

### पहुंच के लिए एकल खिड़की मिलती है

पत्र में कहा गया है कि यह हाइब्रिड मॉडल एआई डेवलपर को एआई प्रशिक्षण के लिए कॉपीराइट कार्यों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए एकल खिड़की भी प्रदान करता है। इसमें कहा गया कि जनरेटिव एआई में दुनिया को बेहतर बनाने की अपार क्षमता है जो इसके विकास का समर्थन करने वाले नियामक माहौल की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# कीमतों के ऐलान के बाद पलटा स्टारलिंक, कहा- अभी सरकारी मंजूरी का इंतजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




स्टारलिंक भारत के लिए हाल ही में घोषित कीमतों के ऐलान से पलट गया है। इसे लेकर पैदा हुई भ्रम की स्थिति पर स्टारलिंक बिजनेस ऑपरेशंस की वाइस प्रेसिडेंट लॉरेन ड्रेयर ने एक्स पर सफाई दी है कि यह एक टेक्निकल गड़बड़ी के वजह से हुआ है। अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत में फिलहाल स्टारलिंक की वेबसाइट अभी लाइव नहीं है और न ही भारतीयों के लिए कीमतें घोषित की गई हैं। उनकी ओर से स्पष्ट किया गया है कि भारत में कंपनी फिलहाल ऑर्डर नहीं ले रही है। वहीं भारत के लिए घोषित हुई कीमतों को लेकर एक्स का कहना है कि वे सिर्फ डमी टेस्ट डेटा था और उसका भारत में घोषित होने वाली कीमतों से कोई लेना देना नहीं हैं। लॉरेन ड्रेयर के एक्स पर किए पोस्ट के अनुसार स्टारलिंक की टीम भारत के लोगों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ने के लिए उत्सुक है। कंपनी की पूरी टीम अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रही है। इसके बाद ही सर्विस और वेबसाइट को शुरू किया जाएगा। बता दें कि यह अभी तय नहीं है कि स्टारलिंक इंडिया की वेबसाइट कब लांच की जाएगी। फिलहाल अगर आप स्टारलिंक की वेबसाइट पर किसी भारतीय पते के लिए ऑर्डर बुक करने की कोशिश करते हैं, तो वेबसाइट पर लिखा आता है कि "नियामक की मंजूरी मिलने का इंतजार है।" इससे अब साफ है कि भारत में स्टारलिंक की शुरूआत अंतिम नियामक और अनुपालन मंजूरी पर निर्भर करती है।

### अभी तक क्या हुआ?

बता दें कि सोमवार को ऐसी रिपोर्ट्स सामने आईं थी कि स्टारलिंक ने भारत में अपने मंथली प्लान और किट की कीमत घोषित कर दी है। ऐसी जानकारी सामने आई थी कि भारत में स्टारलिंक का मंथली प्लान 8,600 रुपए का होगा। वहीं इसके जरूरी हार्डवेयर किट के लिए एक बार में 34 हजार रुपए देने की बात सामने आई थी। अब कंपनी ने साफ किया था कि इन दोनों ही कीमतों का असल कीमतों से कोई संबंध नहीं है क्योंकि यह सिर्फ डमी डेटा था। अब कंपनी ने साफ किया है कि उन्हें सरकार की ओर से मंजूरी का इंतजार है और उससे पहले वेबसाइट या प्लान लाइव नहीं किए जा सकते।

### ग्रामीण इलाकों में स्टारलिंक की सबसे ज्यादा जरूरत

भारत के कई ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक ब्रॉडबैंड नेटवर्क या तो मौजूद नहीं हैं या फिर उनका होना या न होना एक बराबर है। ऐसी जगहों के लिए स्टारलिंक का सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट बड़ा बदलाव ला सकता है। इस टेक्नोलॉजी से उन जगहों पर इंटरनेट पहुंच सकता है, जहां केबल या फाइबर बिछाना महंगा या असंभव है। हालांकि फिलहाल देखना होगा कि आने वाले समय में भारत के लिए स्टारलिंक किस कीमत पर उपलब्ध होता है और इसे किस तरह से अपनाया जाता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro-627 Date- 09/12/2025 2025_UAD_467049_1 | संभाग क्रमांक 06 - अंतर्गत डॉ राम मनोहर लोहिया वार्ड-29 में गायत्री मंदिर से मेन रोड तक ड्रेन एवं सोल्डर सहित एम-30 सीसी रोड निर्माण कार्य (CM Monit A+ मद) | चार माह 38.16/- लाख | 5000/- 28625/- | 16/01/2026 |
| 2 | Pro-627 Date- 09/12/2025 2025_UAD_467049_2 | संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत डॉ राम मनोहर लोहिया वार्ड सौरभ ट्रेडर्स से दमोह नाका मुख्य मार्ग तक ड्रेन एवं सोल्डर सहित एम - 30 सीसी रोड निर्माण कार्य (CM Monit A+ मद) | चार माह 33.5/- लाख | 5000/- 24788/- | |
| 3 | Pro-627 Date- 09/12/2025 2025_UAD_467049_3 | संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत डॉ राम मनोहर लोहिया वार्ड दमोह नाका मेन रोड से ग्रीन सिटी साईनेज सहित एम-40 सीसी रोड निर्माण कार्य (CM Monit A+ मद) | चार माह 33.03/- लाख | 5000/- 24774/- | |
| 4 | Pro-627 Date- 09/12/2025 2025_UAD_467049_4 | संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत राजीव गाँधी वार्ड रामजानकी गेट से विनायक चौक रोड निर्माण कार्य (CM Monit A+ मद) | चार माह 34.75/- लाख | 5000/- 26065/- | |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

# भारतीय कंपनियां भर्ती योजना में वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर

### अगले साल जनवरी-मार्च तिमाही में मजबूत रोजगार संभावनाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अगले साल जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय कंपनियों ने वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे मजबूत रोजगार संभावनाएं जताई हैं। देश की करीब 52 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्ती करने की योजना बना रही हैं। 'मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण' के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार संभावनाएं (एनईओ) 52 प्रतिशत हैं, जो एक साल पहले की तुलना में 30 प्रतिशत जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। एनईओ उस अंतर को मापता है जो भर्ती बढ़ने की उम्मीद करने वाले और भर्ती घटने की उम्मीद करने वाले नियोक्ताओं के बीच प्रतिशत में होता है। पहली तिमाही के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत एनईओ ब्राजील (54 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। इसके बाद भारत (52 प्रतिशत) का दूसरा स्थान है जबकि संयुक्त अरब अमीरात (46 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहा। शीर्ष 10 देशों में नीदरलैंड (36 प्रतिशत), आयरलैंड (31 प्रतिशत), स्वीडन (30 प्रतिशत), ग्वाटेमाला (28 प्रतिशत), स्विट्जरलैंड (27 प्रतिशत), अमेरिका (27 प्रतिशत) और इजरायल (25 प्रतिशत) शामिल हैं।

- देश की करीब 52 फीसदी कंपनियां भर्ती की योजना बना रही

### कंपनियां प्रतिभा संरचना में निवेश कर रही

*मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, ''भारत की भर्ती संभावनाएं सिर्फ मजबूत नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक विश्वास और क्षमता निर्माण के नए चरण का संकेत देती हैं। ये रुझान दिखाते हैं कि भारत मात्रा आधारित भर्ती से मूल्य निर्माण की तरफ बढ़ रहा है। कंपनियां कौशल, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा संरचना में निवेश कर रही हैं।''*

### नील मोहन को टाइम ने 'वर्ष 2025 का सीईओ' चुना

**न्यूयॉर्क।** ऑनलाइन वीडियो मंच यूट्यूब के भारतीय मूल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नील मोहन को 'टाइम' पत्रिका ने 'वर्ष 2025 का सीईओ' चुना है। टाइम पत्रिका ने मोहन के परिचय में लिखा, 'कई मायनों में यूट्यूब वह सांस्कृतिक पोषण बना रहा है, जिस पर दुनिया अब निर्भर होने लगी है। मोहन उस किसान की तरह हैं, जो वे उगाते हैं, वही हम खाते हैं।' टाइम ने मोहन की तारीफ में कहा कि दुनिया में ''ध्यान बंटाने वाली सबसे शक्तिशाली मशीन'' के पायलट आश्चर्यजनक रूप से शांत हैं। टाइम ने कहा कि मोहन का पूरा ध्यान सिर्फ यूट्यूब को अच्छी तरह चलाने पर केंद्रित है। भारतीय मूल के मोहन 2023 से ही यूट्यूब के सीईओ हैं। उन्होंने सुसेन वोज्सिकी का स्थान लिया था।

# मुद्रा कोष ने पाक के लिए नई ऋण सहायता मंजूर की

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने द्विपक्षीय व्यवस्था के तहत पाकिस्तान को करीब 1.2 अरब डॉलर की नयी ऋण सहायता को मंजूरी दे दी है। इस ऋण सहायता से स्पष्ट होता है कि विनाशकारी बाढ़ के बावजूद देश ने स्थिरता बनाए रखी है।

समाचार पत्र 'डॉन' ने मंगलवार को एक खबर में बताया कि आईएमएफ कार्यकारी निदेशक मंडल ने सोमवार को वाशिंगटन में आयोजित बैठक में दोहरे 'ट्रैक बेलआउट', 37 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) एवं जलवायु-केंद्रित टिकाऊ स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) के तहत यह मंजूरी दी। नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान वर्तमान में आईएमएफ के 24वें कार्यक्रम में है। इसके तहत पिछले साल उसे 39 महीनों की अवधि में सात अरब डॉलर की सहायता प्रदान करने पर सहमति बनी थी। खबर में कहा गया कि नवीनतम अनुमोदन के तहत पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत एक अरब डॉलर और आरएसएफ के तहत 20 करोड़ डॉलर की सहायता राशि निकालने की अनुमति है। आईएमएफ के उप प्रबंध निदेशक एवं कार्यवाहक प्रमुख निगेल क्लार्क ने बयान में कहा, '' अनिश्चित वैश्विक माहौल को देखते हुए, पाकिस्तान को व्यापक आर्थिक स्थिरता को और मजबूत करने के लिए विवेकपूर्ण नीतियों को बनाए रखने की जरूरत है।

- आईएमएफ ने 1.2 अरब डॉलर की नई सहायता मंजूर की

### दुरुपयोग कम करने की सलाह

आईएमएफ ने पाकिस्तान के कमजोर वित्तीय प्रबंधन, नकदी निगरानी एवं सार्वजनिक संसाधन आवंटन के लिए जवाबदेही पर पिछले महीने असंतोष व्यक्त किया था और करदाताओं के पैसे के व्यक्तिगत एवं राजनीतिक दुरुपयोग को कम करने की सलाह दी थी।

**कार्यालय नगर परिषद पाटन, जिला जबलपुर ( म.प्र.)**

फोन नं.- 07621-220435 ईमेल -cmopatan@mpurban.gov.in

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि | क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_466533_1 Dt- 06-12-2025 NIT 1064/PWD/NP/2025 | वार्ड क्र. 10 शासकीय कनिष्ठ बुनियादी शाला के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 06 माह, 44,76,221/- | 5,000/- 33,600/- | 12-01-2026 | 1 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर**

**पश्चिम मध्य रेल**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **क्रम सं.: 1, निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-196-2025 दिनांक 04.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता ब्योहारी उप मंडल के अंतर्गत सरईग्राम डिपो में फरवरी 2023 की रेलवे विशिष्टताओं के अनुसार 65 मिमी मशीन क्रश किए गए कठोर और टिकाऊ ट्रैक पत्थर बैलास्ट की आपूर्ति भंडारण और लोडिंग करना जिसमें सभी लीड लिफ्ट टैक्स रॉयल्टी ड्यूटी आदि शामिल हैं, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹9,47,78,084/-, **बयाना राशि:** ₹ 6,23,900/-, **समापन अवधि:** 22 माह, **क्रम सं.: 2, निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-197-2025 दिनांक 05.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उपमंडल के कैमा और रीवा स्टेशन पर अतिक्रमण रोकने के लिए बाउंड्री वाल का निर्माण, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹2,49,84,921/-, **बयाना राशि:** ₹ 2,74,900/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **क्रम सं.: 3, निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-198-2025 दिनांक 05.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर उप-मंडल के अंतर्गत रेल सौरभ कॉलोनी (फेज-1), जबलपुर में 10 इकाई आर.बी.-V क्वार्टर (G+5) के निर्माण का कार्य,। [कार्य का दायरा रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत लागत में कटौती के कारण G+5 से घटाकर G+4 कर दिया गया है, जिसके अनुसार अब 8 इकाई आर.बी.-V क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा], **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹5,05,13,016/-, **बयाना राशि:** ₹ 4,02,600/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक:** क्रम सं. 1 से 3 के लिए:- 30.12.2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि:** क्रम सं. 1 से 3 के लिए:- 30.12.2025, **नोट:** उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### सेबी ने पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आपूर्ति श्रृंखला में उपयोग होने वाली परिसंपत्तियां कंपनियों के बीच साझा करने वाली कंपनी लीप इंडिया और एल्डोराडो एग्रीटेक सहित कुल पांच कंपनियों को शेयर बाजार में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। नियामक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मोल्बियो डायग्नोस्टिक्स, रेस्तरां और कैटरिंग संचालित करने वाली कंपनी फूडलिंक एफएंडबी होल्डिंग्स (इंडिया) और अपशिष्ट जल उपचार समाधान प्रदाता टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स को भी आईपीओ लाने के लिए मंजूरी दे दी है।

### चीन के पीएम कियांग ने शुल्क से हुए नुकसान का जिक्र किया

**बैंकॉक।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के ऊंचे शुल्क ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर झटका दिया है, जबकि चीन का अपना व्यापार अधिशेष 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी बीजिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष मंच पर की। ली ने कहा, ''इस साल की शुरुआत से ही हमने देखा है कि दुनिया भर में अर्थव्यवस्था और व्यापार पर पाबंदियां बढ़ रही हैं और शुल्क का डंडा चलाया जा रहा है।

### एशियन पेंट्स में रही गिरावट

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में गिरावट हुई।

### अदाणी पोर्ट्स बढ़कर बंद

हालांकि, इटर्नल, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और भारती एयरटेल के शेयर बढ़कर बंद हुए।

**कार्यालय रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इन्दौर ( म.प्र.)**

दूरभाष/फैक्स क्र.- 0731-2419771

क्र- आरएपीटीसी/क्वा.मा./P-1403/2025 दिनांक 5/12/2025

**ई-निविदा एवं सीलबंद आमंत्रण सूचना**

रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इन्दौर में नव आरक्षक / इन सर्विस कोर्स प्रशिक्षर्थियों हेतु मैस संचालन 05 माह के लिए कराया जाना है। मैस संचालन हेतु आवश्यक जानकारी एवं टेण्डर फार्म, निमार्ता फर्मो के लिये रुपए - 5,000/- (पाँच हजार रुपए) 0055 पुलिस विविध प्राप्तियां शीर्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष से जमा कर https://mptenders.gov.in एवं www.mppolice.gov.in प्राप्त किया जा सकता है।

1. ऑन लाइन ई-निविदा केवल वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर तथा सीलबंद निविदा हार्ड कापी में तकनीकी एवं व्यवसायिक निविदा पृथक-पृथक कार्यालय में निर्धारित समय में जमा की जा सकेगी।
2. ऑन-लाइन निविदा की अन्तिम तिथि 22/12/2025 समय 12:00 बजे तक है।
3. तकनीकी बिड खोलने की तिथि 23/12/2025 समय 12:00 बजे है।
4. व्यवसायिक बिड तकनीकी बिड के दस्तावेज परीक्षण उपरान्त खोली जावेगी।

**सेनानी,**
**आरएपीटीसी, इंदौर**

G-22532/25

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank Of India**

क्षेत्रीय कार्यालय, दुसरी मंजील, ओरीएन्टल बिल्डिंग, एलआयसी चौक, रिजनल ऑफिस, नागपूर. 0712-2548500/2527678

**मांग सूचना**

अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्त्ताओं को SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत अनुपालन हेतु नोटिस जारी किया गया था। उक्त नोटिस में बकाया राशि का भुगतान नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की मांग की गई थी। उक्त नोटिस "अस्वीकृत / अपूर्ण पते" के कारण अप्राप्त होकर वापस प्राप्त हुआ है। अत: SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार यह नोटिस अब नीचे उल्लिखित उधारकर्त्ताओं की जानकारी हेतु प्रेषित/प्रकाशित किया जा रहा है।

| अ. क्र. | शाखा | उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई संपत्ति / परिसंपत्तियोंका विवरण | मांग सुचना दिनांक | मांगणी नोटीस रक्कम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उद्योग भवन शाखा | श्री प्रभजोत बग्गा (उधारकर्ता/बंधककर्ता) श्रीमती आशप्रीत कौर (सह-उधारकर्ता) दोनों का पता: वार्ड नं. 13, बंधा मोहल्ला, साई मंदिर के पास, परासिया, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, पिन-480441 तथा यहां भी: अपार्टमेंट नं. 515, "राय गैलेक्सी-II", वार्ड नं. 43, बिनाकी के पास, दुर्गा माता मंदिर के पीछे, टेका नाका, कामठी रोड, नागपुर, पिन-440013, महाराष्ट्र. | सभी आर.सी.सी. सुपरस्ट्रक्चर, जिसमें अपार्टमेंट क्र. 515 शामिल है, जो भवन "RAI GALAXY-II" की पाँचवीं मंज़िल पर स्थित, जिसका निर्मित क्षेत्र लगभग 64.596 वर्ग मीटर (अर्थात 695.311 वर्ग फुट) तथा जिसमें 0.805% अविभाजित हिस्सेदारी शामिल है, जो संयुक्त भूखंड/हाउस नं. 1542/1, 1543/2, 1543/3, 1543/4, 1543/5, 1543/6 और 1543/7, क्षेत्रफल 3533 वर्ग मीटर (संयोजन के बाद क्षेत्रफल 3529.577 वर्ग मीटर) खसरा क्र. 1/4, 1/5, 1/6, 3, 4/3, 4/4, 4/5, 7/1, शीट नं. 300/09, सिटी सर्वे नं. 37, वार्ड नं. 43, मलिक मकबूजा, मौज़ा – बिनाकी, दुर्गा माता मंदिर, कामठी रोड के पास, जो नागपुर महानगरपालिका एवं नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की सीमा में आता है। तहसील एवं जिला–नागपुर और इसकी सीमाएँ निम्नानुसार : पूर्व दिशा : सड़क, पश्चिम दिशा : सड़क एवं श्री गुरमीत सिंह जगजीत सिंह का मकान, उत्तर दिशा : सड़क, दक्षिण दिशा : सर्वे नं. 38. | 25/11/2025 | 25/11/2025 तक रु. 27,88,841.46 ब्याज सहित |

उपरोक्त उधारकर्ताओं को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति का कब्जा लिया जाएगा तथा तत्पश्चात बंधक संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्तियों की नीलामी की जाएगी। यदि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर बैंक की संतुष्टि अनुसार बकाया राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक द्वारा उपलब्ध अन्य सभी कानूनी कार्यवाही / उपाय भी प्रारंभ किए जा सकते हैं। साथ ही, उपरोक्त उधारकर्ताओं को SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के अंतर्गत यह भी निषिद्ध किया जाता है कि वे उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को किसी भी प्रकार से—बेचकर, पट्टे पर देकर अथवा अन्य किसी रूप में हस्तांतरित — न करें
उपरोक्त उधारकर्ता SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी किए गए मूल नोटिस की प्रति प्राप्त करने के इच्छुक हों, तो वे किसी भी कार्य दिवस में विधिवत रसीद प्रस्तुत कर, हस्ताक्षरकर्ता से नोटिस प्राप्त कर सकते हैं.

दिनांक: 10.12.2025
स्थान: नागपूर

(विवाद की स्थिति में अंग्रेज़ी में लिखा गया मज़कूर ही मान्य होगा।)

**अधिकृत अधिकारी,**
**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

**कार्यालय नगर परिषद् अमानगंज, जिला पन्ना (म.प्र.)**

क्रमांक/2027/लो.नि.शा./ई-निविदा/2025 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** अमानगज, दिनांक 05/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_466849_1 | वार्ड क्र. 05 में शा. कन्या अनुसूचित छात्रावास से झिरियन पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। (विशेष निधि) | (1) 03 माह (2) 11.85 लाख | (1) 5000/- (2) 8900/- | 09-12-2025 10:30 AM TO 13-01-2026 5:30 PM |
| 2 | 2025_UAD_466848_1 | नगर के विभिन्न वार्डो में नाली . पुलिया, रैम्प एवं प्लेट फार्म एवं अन्य पेंच वर्क निर्माण कार्य। | (1) 31 मार्च 2026 तक (2) 8.70 लाख | (1) 2000/- (2) 8700/- | 09-12-2025 10:30 AM TO 26-12-2025 5:30 PM |
| 1 | 2025_UAD_466851_1 | पौध सुरक्षा हेतु बाउन्ड्री वॉल निर्माण कार्य पतारा वार्ड क्र. 01 (विधायक निधि) | (1) 01 माह (2) 03.31 लाख | (1) 2000/- (2) 3300/- | 09-12-2025 10:30 AM TO 26-12-2025 5:30 PM |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् अमानगंज, जिला-पन्ना (म.प्र.)**

**केनरा बैंक Canara Bank**
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

ए.आर.एम. शाखा- प्लाट नं. 04, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है। ऋणग्रहीता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की ए.आर.एम. शाखा** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **श्री धीरज शिवलानी पुत्र प्रेम चंद शिवलानी** ऋणी/बंधककर्ता एवं प्रोपराइटर- **मेसर्स श्री अंबिका ट्रेडर्स** | 04.07.2025 / 08.12.2025 मांग सूचना अनुसार बकाया राशि ₹ 32,67,316.44 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी संपत्ति स्थित संस्कार नगर प्लाट नं. ई-03, मौजा सुरतलाई, एनबी - 419, खसरा नं. 30/2 एवं 31/2 पीएचनं. नया 75, पुराना 22, आरएनएम- महाराजपुर, तहसील, पनागर, जबलपुर क्षेत्रफल- 900 वर्गफिट (म.प्र.) 482002 Cersai Asset ID: 200072105536 चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. ई-02, दक्षिण- प्लाट नं. ई-04, पूर्व- प्लाट नं. डी04, पश्चिम- कालोनी रोड/साइड रोड |

स्थान-जबलपुर, दिनांक : 08/12/2025 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चिंतन

# अब चावल के बहाने नए टैरिफ की तैयारी में ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब चावल के बहाने भारत पर नया टैरिफ थोपने की तैयारी में हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि कितना टैरिफ लगाया जा सकता है। उनके इस कदम से लगता है कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से बौखलाए हुए हैं। इसलिए उन्होंने भारत पर फिर नया टैरिफ लगाने की बात कर दी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान 12 बिलियन डॉलर की फार्म सब्सिडी की घोषणा करते हुए कहा कि वे भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों से 'डंपिंग' की जा रही चावल की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा कनाडा से आने वाली खाद पर भी अमेरिका एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। इसके पीछे लॉजिक दिया जा रहा है कि वे अपने किसानों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप अगर भारतीय चावल पर टैरिफ लगाते हैं तो इससे चावल अमेरिका भेजना मुश्किल होगा। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। भारत के लिए ट्रंप की यह चेतावनी उस समय पर आई है, जब नई दिल्ली व वाशिंगटन के साथ एक बड़े व्यापार समझौते की कोशिश में है। हालांकि अभी तक इसमें कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है। अमेरिका ने अगस्त में व्यापार बाधाओं और रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाया था। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान की विशेषज्ञों ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यात पर बहुत असर नहीं पड़ेगा, उल्टे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ जाएगा, क्योंकि अमेरिका में भारतीय चावल की मांग पूरी तरह उपभोक्ता की पसंद से तय होती है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि यह ट्रंप सरकार की कोई नीति नहीं है, बल्कि उनकी धमकी राजनीति का हिस्सा है। यह कोई नई बात नहीं है। अमेरिका पहले भी ऐसा करता आया है। अमेरिका भारत पर कोई एहसान नहीं कर रहा। मांग खुद बाजार से पैदा होती है। अगर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो नुकसान अमेरिका को ज्यादा होगा, भारत को नहीं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह बयान चुनाव से पहले अमेरिकी किसानों को लुभाने की रणनीति है। थिंक टैंक ने कहा, यह धमकी पॉलिटिक्स है, पॉलिसी नहीं। जीटीआरआई ने कहा कि अगर अमेरिका ने टैरिफ को बढ़ाया भी, तो उसका भारतीय निर्यात पर सीमित ही असर होगा, क्योंकि भारत के चावल की मांग वैश्विक स्तर पर मजबूत है, खासकर अमेरिका में। बढ़े हुए दामों का असर अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, क्योंकि वे भारतीय बासमती और प्रीमियम चावल पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को अमेरिका की इस धमकी से घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे ज़्यादा चावल उत्पादक और नंबर वन निर्यातक देश भी है। भारतीय चावल निर्यातक संघ के मुताबिक़ भारत सालाना 15 करोड़ मीट्रिक टन चावल का उत्पादन करता है जो दुनिया भर के चावल उत्पादन का 28 प्रतिशत है। 2024-25 में भारत दुनिया भर में सबसे ज़्यादा चावल निर्यात करने वाला देश रहा। इस दौरान दुनिया भर के कुल चावल निर्यात का 30.3 प्रतिशत हिस्सा भारत का रहा। चावल उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर चीन है। उसका सालाना चावल उत्पादन क़रीब 14 करोड़ मीट्रिक टन है। इस सूची में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड और पाकिस्तान का नाम भी शामिल है। भारत में बासमती, सबसे ज़्यादा निर्यात की जाने वाली चावल की किस्मों में से एक है। अमेरिका में भारत के चावल की मांग तेजी से बढ़ी है। आईआरईएफ के आंकड़ों के मुताबिक 2024–2025 में भारत ने अमेरिका को 274,213.14 मीट्रिक टन बासमती चावल निर्यात किया, जिसकी कुल कीमत 337.10 मिलियन डॉलर रही। अमेरिका भारत के बासमती चावल का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। वहीं, इसी दौरान 54.64 मिलियन डॉलर मूल्य के 61,341.54 मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल अमेरिका को भेजे गए, जो इस श्रेणी में 24वां सबसे बड़ा बाजार है।

## चिंता

डॉ. मोनिका शर्मा



# जीवन पर भारी स्त्री सम्मान की रक्षा

महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी या दुर्व्यवहार को लेकर आवाज़ उठाने के कारण अपने ही नहीं सज्जनता दिखाने वाले अपरिचित भी जान गंवा रहे हैं। जिस समाज में राह चलते किसी बहू बेटी के साथ बदसलूकी करने पर मुखर विरोध दर्ज कराने का चलन रहा है, वहां, भाई, पिता, पति से लेकर किसी अनजान व्यक्ति तक के लिए भी कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को रोकना-टोकना मुश्किल हो गया है। हाल ही में हरियाणा के भिवानी में एक वैवाहिक समारोह में हुई कहासुनी के चलते राष्ट्रीय स्तर के पैरा पावरलिफ्टर रोहित धनखड़ की जान ले ली गई। जूनियर और सीनियर पैरा नेशनल मेडल जीत चुके इस युवा चेहरे के जीवन पर शादी कार्यक्रम के दौरान लड़कियों से छेड़खानी का विरोध करना भारी पड़ा। वस्तुतः, ऐसा हर वाकया समग्र समाज के लिए चिंतनीय है। हर परिवार के लिए पीड़ादाई है। सवाल यह है कि आखिर आसामाजिक तत्वों का यह जानलेवा दुस्साहस कैसे बढ़ रहा है? क्या समाज, परिवार या परिवेश में दिखते नकारात्मक बर्ताव को चुपचाप बर्दाश्त का लेने का ही रास्ता बचा है? वैवाहिक समारोह तो मेलजोल का अवसर होते हैं। सामाजिक जुड़ाव को बल देने वाले आयोजन माने जाते हैं। संस्कार और मानवीय मूल्यों को पोसने का अवसर होते हैं। ऐसे में शादी समारोह में लड़कियों के साथ बेहूदगी करने पर टोकने को लेकर हुई बहस भर से एक युवा को पीट-पीटकर बेरहमी से मार डालने की घटना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। युवाओं के व्यवहार में जगह बनाती विकृति समझ और बर्बर बर्ताव की भी बानगी है। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से कानूनी लचरता के चलते कुछ भी करके बच निकलने के भरोसे का उदाहरण तो है ही।

विडम्बना यह भी है कि ऐसी घटनाओं में देश के किसी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक का जीवन छिन जाता है। इन्हीं दिनों बागपत में एक छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ का विरोध जताने और बेटी का बचाव करने वाले पिता को बेरहमी से पीटा गया है। सोनभद्र में हुई एक घटना में पत्नी पर अश्लील टिप्पणी करने का विरोध करने वाले पति को बेरहमी से पीटा गया। सहारनपुर पत्नी के साथ हुई छेड़छाड़ से आहत होकर पति ने आत्महत्या कर ली। बाजार, सड़क, आस-पड़ोस और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों तक में देश एक हर हिस्से से ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। बावजूद इसके इन घटनाओं की शिकायत को भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। ऐसे अधिकतर मामलों में किसी युवती के जान दे देने या बचाव में आए व्यक्ति के साथ अपराध होने के बाद कोई कार्रवाई की जाती है। दुःखद यह है कि इस कुत्सित और क्रूर प्रवृत्ति के लिए कठोर दंड ना मिलने से दूसरे लोगों का भी दुस्साहस बढ़ता है। यहां तक कि ऐसे आपराधिक तत्वों को लेकर अगर किसी जागरूक परिवार द्वारा शिकायत दर्ज करवा दी जाय तो भी असुरक्षा और जानलेवा हमले ही परिवारजनों के हिस्से आते हैं। इतना ही नहीं छेड़खानी से तंग आकर हर साल कितनी ही लड़कियां आत्महत्या तक कर लेती हैं। हाल ही में विदिशा में एक किशोरी ने छेड़छाड़ से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बरेली में सोलह वर्षीय लड़की ने छेड़खानी से परेशान से तंग आकार जान दे दी। सवाल यह है कि क्या इस बेहूदगी का विरोध ना किया जाए? अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाले इस दुर्व्यवहार को बेटियां और उनके परिवार चुपचाप सहते रहें? लेकिन ऐसा कब तक इस दुर्व्यवहार को देख-सुनकर मानवीय भाव समझने वाला कोई अपरिचित भी मूक बना रहे? आज भी हमारे परिवेश में स्त्री सम्मान को लेकर सब कुछ सहो, कुछ ना कहो की दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियां बनी हुई हैं। छेड़खानी हो या कोई बर्बर अपराध, अपने-पराए या स्वयं महिलाएं भी अपना मान बचाने के लिए हिम्मत दिखाएँ तो जीवन ही छीन लिया जाता है। फिर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति तो और चिंतनीय है। ऐसे वाकये पारिवारिक मोर्चे पर रीत रहे समझ-संस्कार की कटु हकीकत भी सामने रखने वाले हैं। समाज-परिवार में यह प्रश्न उठना लाजिमी है कि ऐसे बेटे और पुरुष किन घरों से आते हैं, जो इतनी हिमाकत करते हैं? कानूनी मोर्चे पर भी देर-सवेर आरोपियों को राहत मिल जाना भी समाज का मनोबल तोड़ता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रशासनिक तंत्र की तय हो जवाबदेही...



## गोवा अग्निकांड

उमेश चतुर्वेदी

> गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों के मन में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब बर्क बाय रोमियो लेन में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो, गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जानों ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था।

उत्तर भारत की सर्दियां गोवा के लिए वरदान होती हैं। अरब सागर तटीय इस राज्य में सर्दियों में उत्तर भारतीय सैलानियों की आवक बढ़ जाती है, लेकिन हो सकता है कि इस बार यह आवक कम हो। गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब बर्क बाय रोमियो लेन में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो, लेकिन समंदर के किनारे से छनकर आती रोशनियों के बीच स्थित गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जानों ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के लिए गोवा की संबंधित पंचायत ने निर्देश भी दे रखा है। आग लगने की दशा में उसके रोकथाम और बचाव को लेकर इस नाइट क्लब में कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। इतना ही नहीं, यह क्लब बेहद संकरी जगह पर है, जहां आसानी से जाना संभव नहीं है।

भारत में एक चलन स्वीकार कर लिया गया है। नियमावलियां तो खूब बनाई गई हैं, लेकिन वे सिर्फ दस्तावेजों के लिए हैं। जिन्हें इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, जिन पर इन नियमावलियों को तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, अक्सर वे इससे आंखें मूंद लेते हैं। कई बार नियम तोड़ने वालों से संबंध पलकों को मोड़ने का जरिया बनते हैं तो कई बार रिश्वत की रकम का बोझ पलकों को झुकने के लिए मजबूर कर देता है। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, उनमें मासूम जानें चली जाती हैं। तब उन्हें नियमों की तेजी से याद आने लगती है। प्रशासनिक तंत्र की बंद आंखें तब ऐसे खुल जाती हैं, जैसे भगवान शिव का तीसरा नेत्र खुलता है। तब उसे अनधिकृत निर्माण भी दिखने लगता है, तब उसे कार्रवाई की भी सूझने लगती है। कार्रवाई होती भी है। गोवा के 'बर्क बाय रोमियो लेन' क्लब के मालिकों पर भी होगी, लेकिन इसका असर कितनी देर तक रहेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि वक्त बीतते-बीतते कार्रवाई में ढिलाई भी शुरू हो सकती है और अगर किसी सामाजिक संस्था, किसी राजनीतिक व्यवस्था या किसी न्यायिक व्यवस्था की निगाह उस पर नहीं पड़ी तो कार्रवाई धीरे-धीरे टलती चली जाएगी, उसकी तासीर ठंडी होती जाएगी और फिर हो सकता है कि नियमों को तोड़ने वाले किसी और जगह नियम तोड़कर ऐसा ही किसी और नाम से नाइट क्लब चलाने लगें।भारत में अंग्रेजों ने प्रशासनिक ढांचा अपने राजकाज को चलाने के लिए बनाया था। उसे लंबी अवधि तक बनाए रखने के लिए बनाया था। देखते ही देखते यह तंत्र स्टील फ्रेम में तब्दील होता चला गया। वैसे भी जर्मन दार्शनिक मैक्स वेबर इसे स्टील फ्रेम ही बताते हैं। संविधान सभा ने भारत के भावी प्रशासनिक तंत्र की



रूपरेखा को लेकर चर्चा की थी। उसने इस पर गंभीर विमर्श किया था। संविधान सभा में प्रशासनिक तंत्र पर व्यापक चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा ढांचा तैयार करना था जो स्वतंत्र भारत के लिए प्रभावी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह हो। संविधान सभा के सदस्यों को संदेह था कि भारत की भावी नौकरशाही भारतीय मूल्यों और भारतीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हो पाएगी। इसी लिए संविधान सभा में तत्कालीन सदस्यों ने नौकरशाही की भूमिका पर ना सिर्फ व्यापक चर्चा की, बल्कि उसकी राजनीतिक तटस्थता, कार्यक्षमता, जवाबदेही और नए स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उसकी स्थिति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इन बहसों का उद्देश्य एक ऐसी सिविल सेवा प्रणाली स्थापित करना रहा, जो संविधान के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान हो और लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो।

सवाल यह है कि क्या संविधान सभा की बहसों के अनुरूप आज की नौकरशाही बन पाई है। उसके ज्यादातर हिस्सों को देखिए तो लगता है कि बिल्कुल नहीं। आज भी उसमें अंग्रेजी राज जैसी अकड़ है, उसका ध्यान ज्यादातर अपनी ताकत को बचाए रखने और उसके जरिए आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने पर है। भारत का शायद ही कोई राज्य हो, जहां की नौकरशाही में अकूत संपत्ति के मालिक, भ्रष्टाचारी और कर्त्तव्यहीन अफसर ना होंगे। मध्य प्रदेश जैसे जिन राज्यों में लोकपाल व्यवस्था कायम है, वहां आए दिन ऐसे अफसरों पर छापे पड़ते हैं, उनके घर मिले नोटों को गिनने के लिए मशीनें लानी पड़ती हैं। कई बार तो नोट गिनने में ही दो-दो तीन-तीन दिन लग जाते हैं। सवाल यह है कि क्या अफसरों के पास अकूत धन उनके सत्कर्मों और कर्त्तव्यपरायाणता के चलते आता है? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब ना में हैं। पैसे आते हैं, अवैध निर्माण को बढ़ावा देने से, नियमों की अवहेलना करने वालों से मिलने वाली रकम से, लोक के लिए आए फंड की बंदरबांट से। बिना प्रशासनिक मिलीभगत के यह कल्पना बेकार है कि किसी नाइट क्लब में अवैध निर्माण होगा, वह संकरी गलियों में चलेगा और उसमें सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी होंगे। हाल के दिनों में सड़कों पर बसों के आग का गोला बनने की घटनाएं भी बढ़ी हैं, अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर भी चले हैं या चल रहे हैं, सवाल यह है कि क्या खटारा बसें बिना प्रशासनिक मिलीभगत और लापरवाही से सड़कों पर चल सकती हैं, क्या अवैध निर्माण बिना प्रशासनिक सहयोग के हो सकता है, निश्चित तौर पर ऐसे सवालों का जवाब ना में है। जब भी हादसे होते हैं, जब कोई बस आग का गोला बनती है, जब अवैध निर्माण सामने आता है, संबंधित बस मालिक के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, अवैध निर्माण गिरा दिया जाता है, लेकिन इन सबके लिए प्रशासनिक रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। वे साफ बच जाते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि अब हर गलत कार्य के लिए, गलत कार्य करने वाले, नियम तोड़ने वाले, कानून का उल्लंघन करने वाले को दोषी ठहराने की न्यायिक प्रक्रिया तो चले ही, साथ ही उसके लिए परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार रहे अधिकारियों को भी जवाबदेह बनाया जाए, उन्हां खोजकर उचित प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया के जरिए दंडित किया जाए। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक देश में ऐसी निर्दोष जानें जाती रहेंगी, सड़कों पर अव्यवस्था फैली रहेगी, नियमों की अनदेखी से अराजकता बनी रहेगी। लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि क्या इस तरीके से सोचने को हमारा राजनीतिक ढांचा तैयार है?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाएं



संकलित

## दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# महिमा राम नाम की



संकलित

## प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## सटाका




## आज की पाती

### आशा की किरण है यह बिल

सांसद सुप्रिया सुले द्वारा लोकसभा में पेश किया गया राइट टू डिसकनेक्ट बिल 2025 देश के करोड़ों कर्मचारियों के लिए आशा की किरण लेकर आया है। यह बिल कहता है कि ऑफिस समय के बाद कोई भी कर्मचारी अपने बॉस, मैनेजर या संस्थान के कॉल, ईमेल, मैसेज या किसी डिजिटल निर्देश का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं होगा। यदि यह कानून बनता है, तो भारत की कार्य–संस्कृति में एक ऐतिहासिक परिवर्तन संभव है। लेकिन इसका विरोध, इसकी चुनौतियां, इसका व्यावहारिक पक्ष और इसका सामाजिक प्रभाव–ये सभी उतने ही महत्त्वपूर्ण सवाल हैं, जिनका विश्लेषण करना ज़रूरी है। आज यह एक प्रशासनिक या तकनीकी मुद्दा मात्र नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संकट से जुड़ा विषय है।

*–मनोज जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जल्द सार्थक परिणाम आएंगे



सरकार अमेरिका के टैरिफ उपायों के भारतीय निर्यात पर असर को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई जा रही है। जल्द इसके सार्थक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे।

**-जितिन प्रसाद, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री**

### हमारे पास अधिकार नहीं



क्या हम कोई क्षेत्र छोड़ने पर विचार कर रहे हैं? क़ानून के अनुसार, हमारे पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। यूक्रेन के क़ानून, हमारे संविधान, अंतरराष्ट्रीय क़ानून और, सच कहूं तो, हमारे पास नैतिक अधिकार भी नहीं है।'

**-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति यूक्रेन**

### 23 अरब डॉलर का निवेश



माइक्रोसाफ्ट एआई में भारत में 23 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह माइक्रोसाफ्ट द्वारा इस साल की शुरुआत में घोषित तीन अरब डॉलर के निवेश पर आधारित है। इससे कंपनी को भारत में सबसे बड़ी क्लाउड मौजूदगी मिलेगी, जिसमें पहला डेटा सेंटर 2026 के मध्य में चालू हो जाएगा।

**-सत्या नडेला, सीईओ, माइक्रोसाफ्ट**

### विकास पथ तैयार करना होगा



21वीं सदी में भारत की संप्रभुता, प्राकृतिक संसाधनों एवं ऊर्जा प्रणालियों पर उसके नियंत्रण पर निर्भर करेगी। भारत को एक ऐसे विश्व में, जहां राष्ट्रीय आत्म-संरक्षण और वैश्विक गठबंधनों में दरार बढ़ती जा रही है, अपना विकास पथ स्वयं तैयार करना होगा।'

**-गौतम अदाणी, चेयरमैन, अदाणी समूह**

## करंट अफेयर

# हम 'क्वाड' के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं : रुबियो



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'क्वाड' के प्रति 'पूरी तरह प्रतिबद्ध'' है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा, 'हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे...।' ऑस्ट्रेलिया– अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, 'मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा। विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था।' रुबियो ने कहा, जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



# सारा

## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी' कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर कैटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।



### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी **CEO** के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

# कब्रों के बीच दबा था 2400 साल पुराना खजाना, खोजा गया 'सबसे अमीर' बलि स्थल

**मास्को।** रूस के दक्षिणी उराल पर्वतों में वैज्ञानिकों ने 2,400 साल पुराना एक बेहद अनोखा और समृद्ध सैक्रिफिशियल कॉम्प्लेक्स खोजा है। यह जगह दो बड़े शवों का ढूह के बीच मिली। यहां पर सैकड़ों अनोखी वस्तुएं छिपी हुई थीं यह खोज बताती है कि उस समय के घुमंतू लोग सिर्फ दफनाते नहीं थे, बल्कि बार-बार इन स्थलों पर आकर धार्मिक रस्मों को भी निभाते थे। इस सैक्रिफिशियल कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में ब्रॉन्ज के घोड़े से जुड़े सामान, आयरन बिट्स, सोने की कलाकृतियां, चांदी जड़ी कटोरी और बलि के लिए रखे गए जंगली सूअर के जबड़े भी पाए गए हैं। पुरातत्वविदों की मानें तो यह अब तक इस क्षेत्र में मिला सबसे ज्यादा वस्तुओं वाला और सबसे अनोखा फ्यूनरल-रिचुअल साइट है।



### दफन टीले के बीच अनोखा रहस्यमयी ढांचा

रूस की रूसी विज्ञान अकादमी का पुरातत्व संस्थान की टीम ने गर्मियों में वायसोकाया मोगिला नाम की पुरानी नेक्रोपोलिस में खुदाई की थी। यह नेक्रोपोलिस करीब 6 किलोमीटर में फैली एक बड़ी कब्रगाह है, जिसका इस्तेमाल चौथी से तीसरी सदी ईसा पूर्व तक किया जाता रहा था। टीम ने दो दफन टीलों के बीच खुदाई की और वहीं पर यह अनोखा 'सैक्रिफिशियल कॉम्प्लेक्स' एक उथले गोल गड्ढे में छिपा मिला था।



# तीसरे प्रेमी संग फरार हुई पत्नी, दूसरा पति डेढ़ साल के बच्चे के लिए परेशान

**सुरीर।** पहले पति को छोड़कर दूसरे के साथ शादी कर लेने और अब दूसरे को छोड़कर तीसरे के साथ चंपत होने के आरोप का मामला सामने आया है। दूसरे पति ने इस मामले की पुलिस से शिकायत करते हुए साथ ले गई बेटे को दिलाने की गुहार लगाई है। मामला थाना सुरीर क्षेत्र के गांव का है।

**साथ ले गई बेटे के लिए भटक रहा है दूसरा पति :** शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब 14 साल पहले उसकी एक महिला से शादी हुई थी। जो अपने पहले पति को छोड़कर आई थी। शादी के बाद दोनों के दो पुत्र पैदा हो गए। उसकी पत्नी स्वच्छंद विचारों की महिला थी, जो बिना बताए घर से चली जाती थी और पूछने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाती थी। उसे कई बार समझाया, लेकिन अपनी जिद के आगे किसी की बात मानने को तैयार नहीं थी।

### आठ महीने पहले काम के लिए बाहर गया था दूसरा पति

आठ माह पहले काम करने के लिए बाहर गए थे, उनकी अनुपस्थिति में पत्नी उनके डेढ़ वर्षीय बेटे को लेकर तीसरे व्यक्ति के साथ चंपत हो गई। वापिस लौटने पर उन्हें इसकी जानकारी हुई। तलाश के दौरान पता चला कि पत्नी डेढ़ वर्षीय बेटा को लेकर इगलास क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ रह रही है। शिकायतकर्ता ने पत्नी से अपने बेटे को दिलाने की मांग की है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# इस देश में चलती हैं सफेद कारें, चाहकर भी दूसरा रंग नहीं खरीद सकते लोग

**अश्गाबात।** दुनिया में ऐसे कई देश हैं जिनकी पहचान सिर्फ उनकी संस्कृति या प्राकृतिक सुंदरता से नहीं होती, बल्कि उनके अनोखे कानूनों से भी बनती है। हर देश अपने नागरिकों से कुछ खास नियमों का पालन करवाता है, लेकिन कुछ जगहों के नियम इतने अलग हैं कि सुनकर ही हैरानी होती है। आज हम आपको एक ऐसे ही देश के बारे में बता रहे हैं जहां कार खरीदने से पहले उसका रंग सोचना पड़ता है, क्योंकि यहां सिर्फ सफेद रंग की कारें ही सड़कों पर चल सकती हैं। इस देश की राजधानी को दुनिया में सफेद संगमरमर का शहर कहा जाता है। कारण है, यहां की इमारतों, फुटपाथों और सरकारी कार्यालयों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक लगभग हर निर्माण में चमकदार सफेद संगमरमर का उपयोग किया गया है। सूरज की रोशनी इन पत्थरों पर पड़ते ही पूरी जगह उजली दिखाई देती है। दिन हो या शाम, यह शहर रोशनी से दमकता नजर आता है।

### शहर के नाम है वर्ल्ड रिकॉर्ड

यह जगह सिर्फ सुंदरता ही नहीं बल्कि खर्च के मामले में भी दुनिया के महंगे शहरों में गिनी जाती है। सफेद संगमरमर की भारी मात्रा ने यहां की पहचान पूरी तरह बदल दी है। यही वजह है कि इस शहर को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी जगह मिली. कहा जाता है कि दुनिया में कहीं भी इतनी ज्यादा संगमरमर वाली इमारतें एक ही शहर में नहीं दिखाई देतीं. साल 2000 के बाद यहां बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू हुए. इस पुनर्निर्माण अभियान में लगभग 550 से अधिक नई संगमरमर की इमारतें बनाई गईं. इन इमारतों के बीच चलते हुए ऐसा लगता है जैसे पूरा शहर किसी विशेष विषय पर बनाया गया हो. सफेद पत्थरों की चमक इतनी अधिक है कि यहां रहने वालों को अक्सर धूप का चश्मा पहनना पड़ता है।

### 2018 में बना ये नियम

अब आते हैं सबसे दिलचस्प नियम पर। यह अनोखा देश है तुर्कमेनिस्तान और इसके राजधानी शहर अश्गाबात में 2018 में एक ऐसा नियम लागू किया गया, जिसके अनुसार सिर्फ सफेद या सफेद जैसे हल्के रंगों की कारें ही सड़क पर चल सकती हैं। इस नियम की शुरुआत तुर्कमेनिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति गुरबांगुली बर्दीमुहामेदोव ने की। कहा जाता है कि उन्हें सफेद रंग से खास लगाव था। कुछ लोग इसे उनके पूर्व पेशे यानी डेंटिस्ट होने से भी जोड़कर देखते हैं, जहां सफेदी की विशेष महत्ता होती है। राष्ट्रपति की यह व्यक्तिगत पसंद धीरे धीरे शहर के नियम में बदल गई और फिर इसने पूरी राजधानी का स्वरूप प्रभावित किया।



### नियम ने शहर को बनाया सुंदर

दिलचस्प बात यह है कि यहां का रंग नियम सिर्फ वाहनों तक सीमित नहीं है। शहर के डिजाइन, सजावट, सरकारी विज्ञापन और सार्वजनिक कला में भी वही सफेद सौंदर्य बनाए रखना जरूरी है। कई देशों में वास्तुकला अलग अलग शैलियों का मिश्रण होती है, लेकिन अश्गाबात को देखकर ऐसा लगता है, जैसे किसी ने पूरे शहर को एक ही थीम पर तैयार किया हो. यहां के सरकारी भवन, मॉल, होटल, पार्क और यहां तक कि उनके अंदर की सजावट भी सफेद रंग को ही प्राथमिकता देती है।

### शहर की शैली और सोच का प्रतीक

इस शहर में घूमते हुए आंखें जहां भी जाएं, सफेदी ही नजर आती है। यही वजह है कि यहां की खूबसूरती अपने आप में अद्वितीय लगती है। पर्यटक यहां सिर्फ घूमने नहीं आते, बल्कि इस शहर की असाधारण वास्तुकला और अनोखे नियमों को देखने भी आते हैं। तुर्कमेनिस्तान का यह सफेद शहर दुनिया को यह दिखाता है कि कानून सिर्फ व्यवस्था के लिए नहीं बनते, कभी कभी नियम किसी जगह की पहचान भी बन जाते हैं। यहां सफेद रंग सिर्फ एक रंग नहीं, बल्कि इस शहर की शैली और सोच का प्रतीक बन चुका है।

## रोचक खबरें



# मलावाड़ी गांव की 'राधा' बनी दुनिया की सबसे छोटी भैंस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मलावाड़ी गांव की शांत गलियों में इन दिनों एक खास मेहमान सबका ध्यान खींच रही है। इस छोटी-सी भैंस का नाम है राधा, जो अब दुनिया की सबसे छोटी भैंस के तौर पर मशहूर हो चुकी है। लोग दूर-दूर से उसे देखने आ रहे हैं और गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है। राधा की ऊंचाई सिर्फ 2 फीट 8 इंच है। वह त्रिंबक बोराटे के फार्म पर रहती है और मुर्रा हाइब्रिड नस्ल की भैंस है। आम भैंसें जहां 8 से 9 फीट लंबी होती हैं, वहीं राधा उनसे काफी छोटी है। त्रिंबक बोराटे के बेटे अनिकेत एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर चुके हैं, वह राधा को फार्म शो में लेकर गए थे। राधा ने पहली बार 21 दिसंबर को एक इवेंट में हिस्सा लिया और अब तक वह 13 से ज्यादा एग्जिबिशन में जा चुकी है। उसकी क्यूटनेस और शांत स्वभाव ने लोगों का दिल जीत लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में राधा का नाम दर्ज होने के बाद उसका परिवार बहुत खुश है। अनिकेत का कहना है कि अब राधा इंटरनेशनल लेवल पर भारत का नाम रोशन करेगी और दुनिया भर में लोगों का दिल जीतेगी। दुनिया के सबसे लंबे भैंसे की बात करें तो, थाईलैंड की मशहूर भैंस किंग कांग की ऊंचाई 6 फीट से ज्यादा है। राधा उससे लगभग 4 फीट छोटी है, लेकिन पॉपुलैरिटी में किसी से कम नहीं है।

# शांत ज्वालामुखी के नीचे छिपा है अकूत लिथियम, अमेरिका के अब मजे ही मजे

**न्यूयार्क।** हाल में ही अमेरिका के सुपरज्वालामुखी के नीचे दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम भंडार मिला है, जिसकी कीमत $1.5 ट्रिलियन बताई जा रही है। नेवादा-ओरेगॉन सीमा पर स्थित एक प्राचीन सुपरज्वालामुखी द्वारा निर्मित शांत बेसिन मैकडरमिट काल्डेरा, अब ऊर्जा बाजार के लिए एक नया केंद्र बन चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यहां दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम भंडार छिपा है, जिसे थैकर पास नाम दिया गया है। लिथियम वह प्रमुख तत्व है जिसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक कारों, स्मार्टफोन में किया जाता है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, इस भंडार में 20 से 40 मिलियन मीट्रिक टन लिथियम हो सकता है। यह मात्रा बोलिविया के साला डी यूनुई के भंडार से दोगुनी हो सकती है। यदि यह सफलतापूर्वक निकाला गया तो अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था में एक जरूरी खिलाड़ी बन जाएगा। यह विशाल काल्डेरा 16 मिलियन वर्ष पहले एक बड़े ज्वालामुखी विस्फोट से बना था। हाल के शोध से पता चला है कि विस्फोट के बाद हाइड्रोथर्मल तरल पदार्थों ने मैग्नीशियम से भरपूर क्ले को इलाइट नामक एक विशेष क्ले में बदल दिया था। थैकर पास में इस इलाइट क्ले में लिथियम की सांद्रता बहुत अधिक है। कुछ जोन में यह वजन के हिसाब से 2.4% तक है, जबकि सामान्य लिथियम क्ले डिपॉजिट में यह 1% से भी कम होती है।



# शख्स ने बना डाली ऐसी कलाकृति जिसे इंसानी आंखों से देखना असंभव!

**लंदन।** बड़े चित्र या कलाकृतियां बनाना तो आसान है, मगर जब उनका साइज छोटा हो तो निर्माण मुश्किल हो जाता है क्योंकि डिजाइन करने की स्पेस बेहद कम हो जाती है। मगर एक शख्स ने तो कमाल ही कर दिया। उसने ऐसी कलाकृति बना डाली जो इतनी छोटी है कि उसे इंसानी आंखों से नहीं देखा जा सकता। उसने 6 हफ्तों की मेहनत से सफलता हासिल की है। ब्रिटेन के एक कलाकार ने दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति बनाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 56 वर्षीय डेविड ए. लिंडन ने 'द येलो स्माइली फेस' नाम की यह छोटी सी कलाकृति तैयार की है, जिसकी लंबाई मात्र 11.037 माइक्रोन और चौड़ाई 12.330 माइक्रोन है। यह आकार इतना सूक्ष्म है कि इसे सीधे आंखों से देख पाना असंभव है। डेविड इससे पहले भी सबसे छोटी हस्तनिर्मित मूर्ति बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। उनकी पिछली रचना 'द लेगो ब्रिक' का आकार 0.02517 मिमी × 0.02184 मिमी था। इस बार उन्होंने उससे भी आधा आकार बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। लिंडन ने बताया कि इस छोटे स्माइली फेस को बनाने में उन्हें छह हफ्तों का समय लगा और 34 प्रयासों के बाद वह सफल हो पाए। उन्होंने कहा- 'मैं जो करता हूं, वह थोड़ा पागलपन लगता है, लेकिन यह पूरी तरह से फाइन आर्ट है। मैं कुछ ऐसा छोड़कर जाना चाहता हूं जो मेरी कला की विरासत बन सके। उन्होंने बताया कि यह मूर्ति लगभग बैक्टीरिया के बराबर आकार की है, जिससे इसे बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण था।



## विज्ञान

**वैज्ञानिकों को मिली बड़ी कामयाबी**

# आ रहा है डिज़ाइनर बेबी का दौर? इंसान की स्किन सेल से भ्रूण बनाने में मिली सफलता

**न्यूयार्क।** एक नई रिसर्च में वैज्ञानिकों ने इसानों के स्कीन की कोशिका का इस्तेमाल करके ऐसे अंडे बनाए जो शुरुआती मानव भ्रूण में बदलने की क्षमता रखते हैं। यह प्रयोग प्रजनन विज्ञान की दुनिया में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे भविष्य में इसी तकनीक का इस्तेमाल करके वो लोग भी माता-पिता बन सकेंगे, जिनके पास स्वस्थ अंडाणु या शुक्राणु नहीं होते हैं। हालांकि, यह तरीका अभी सुरक्षित नहीं है और पूरी तरह सफल होने में कई साल लग सकते हैं।



### स्किन की सेल्स से एग्स

इंसान का जन्म अंडाणु और शुक्राणु दो कोशिकाओं के मिलने से होता है। कई बार किसी कारणों से किसी भी व्यक्ति के पास दोनों प्रजनन कोशिकाएं उपलब्ध नहीं होतीं हैं। इसी कारण से वैज्ञानिक लंबे समय से ऐसी तकनीक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे शरीर की किसी दूसरी कोशिका से अंडाणु या शुक्राणु बनाया जा सके। अब इस नई रिसर्च ने इस दिशा में उम्मीद जगाई है। वैज्ञानिकों ने एक मानव त्वचा कोशिका का डीएनए लेकर उसे एक दान किए गए अंडाणु की खाली कोशिका में डाल दिया। इसके बाद उस अंडाणु को मेयोसिस जैसे प्रोसेस से गुजरना पड़ा, जिसमें उसे अपने डीएनए के आधे क्रोमोसोम बाहर निकालने थे।

### कैसे किया गया यह प्रयोग?

रिसर्चर्स ने पहले दान किए गए मानव अंडाणु का न्यूक्लियस निकाल दिया, उसके बाद उन्होंने स्किन की कोशिका का न्यूक्लियस उस अंडाणु में डाल दिया। प्रॉब्लम यह थी कि त्वचा की कोशिकाओं में 46 क्रोमोसोम होते हैं, जबकि अंडाणु में केवल 23 होने चाहिए। अब इस समस्या को ठीक करने के लिए वैज्ञानिकों ने एक रसायन रोस्कोविटीन का इस्तेमाल किया, जिससे अंडाणु के एक्सट्रा क्रोमोसोम बाहर निकल सकते थे। जब इस अंडाणु का शुक्राणु से फर्टिलाइज किया गया तो कुछ मामलों में शुरुआती मानव भ्रूण बनने लगा था।

### कहां हुई सफल और कब आई दिक्कत?

कुछ अंडे शुरुआती भ्रूण में बदल गए, लेकिन कई नहीं बदल पाए। ज्यादातर मामलों में भ्रूण में क्रोमोसोम की संख्या सही नहीं थी। कई भ्रूण में 46 की बजाय 48 क्रोमोसोम मिले। कुछ में क्रोमोसोम गायब थे तो कुछ दोहरी मात्रा में मौजूद नजर आए। बता दें कि इन भ्रूणों को 6 दिनों से ज्यादा बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि कानून इसकी अनुमति नहीं देता है। वैज्ञानिकों की माने तो यह पूरी तरह सफल परिणाम तो नहीं है, लेकिन इसने यह साबित कर दिया है कि ऐसा करना संभव है।

### इस तकनीक से जुड़े खतरे

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तकनीक से भविष्य में डिज़ाइनर बेबी बनाने का रास्ता खुल सकता है, जहां पर लोग अपनी पसंद के अनुसार डीएनए चुन पाएंगे। साथ ही यह डर भी है कि किसी व्यक्ति की त्वचा कोशिका चुपके से लेकर उसका जैविक बच्चा बनाना भी संभव हो सकता है।

# आईएसएस के बाद कौन होगा अंतरिक्ष का नया राजा?

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन का मिशन खत्म होने के बाद भारत और रूस ने अपने-अपने स्पेस स्टेशनों को एक ही कक्षा में रखने का फैसला किया है। इससे दोनों देशों के अंतरिक्ष यात्री एक-दूसरे के स्टेशन पर आसानी से जा सकेंगे, साथ ही मिलकर वैज्ञानिक प्रयोग कर पाएंगे। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख दमित्री बकानोव ने अपने भारत दौरे के दौरान इस साझेदारी की घोषणा की है। भारत का आने वाला स्पेस स्टेशन बेस और रूस का रोस दोनों ही 51.6 डिग्री वाले ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे यह आईएसएस की कक्षा भी है। यह कदम दोनों देशों के अंतरिक्ष सहयोग को अलग लेवल पर ले जाएगा। दोनों देशों के बीच नए इंजन, मानव मिशन, ट्रेनिंग और टेक्नोलॉजी पर भी काफी बाते हुई है। रूस पहले अपने रशियन ऑर्बिटल स्टेशन को 96 डिग्री वाले ऑर्बिट में बनाने की तैयारी कर रहा था।

- **भारत-रूस मिलकर एक ही ऑर्बिट में बनाएंगे नया स्पेस स्टेशन**



हालांकि ,अब भारत के साथ साझेदारी को देखते हुए इसे 51.6 डिग्री पर शिफ्ट करने का फैसला लिया गया है। बकानोव ने बताया है कि यह बदलाव दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा और लंबे समय तक सहयोग बढ़ाने में सहयता मिलेगी।

**भारत का बास और रूस का रोस**

रूस का रोस (एनर्जिया स्पेस सेंटर) के विकास में मदद करने वाला है। इसका डिजाइन मॉड्यूलर होगा यानी जरूरत के हिसाब से नए मॉड्यूल जोड़े जा सकेगा। डीप स्पेश मिशन और नए स्पेसक्राफ्ट बनाने में इसका इस्तेमाल होगा। वहीं, भारत का बीएएस (भारत अंतरिक्ष स्टेशन) इसरो इसे 2035 तक पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बता दें कि हाल ही में भारत ने सफल डॉकिंग टेक्नोलॉजी हासिल की है जिससे बीएएस बनाना और आसान हो गया है।

**क्यों चुनी गई 51.6 डिग्री कक्षा?**

यह कक्षा धरती के 51.6 डिग्री उत्तर-दक्षिण अक्षांश को कवर करती है। इसी कारण रूस के सोयुज रॉकेट आसानी से स्टेशन तक पहुंच पाएंगे, साथ ही भारत के गगनयान मिशन के लिए डॉकिंग आसान होगी और दोनों देशों के साझा प्रयोग और मिशन बेहतर तरीके से हो सकेंगे।

**कब तक तैयार होंगे ये स्पेस स्टेशन?**

रूस का आरओएस का पहला वैज्ञानिक मॉड्यूल 2028 तक लॉन्च होगा वहीं 2030 तक चार मुख्य मॉड्यूल जुड़ जाएंगे। 2031 से 33 के बीच स्टेशन और बड़ा किया जाएगा. बता दें कि अंगारा-ए5एम रॉकेट से मॉड्यूल भेजे जाएंगे। देखा जाए तो भारत का BAS 2035 तक पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। बताते चलें की भारत चौथा देश बन चुका है, जिसने स्पेस डॉकिंग तकनीक हासिल की है। आने वाले सालों में इसके मेन मॉड्यूल डिजाइन और टेस्टिंग पर काम देखने को मिलने वाला है। बता दें कि आईएसएस का मिशन 2030-31 में खत्म होना तय है। रूस पहले ही बता चुका है कि वह आगे ISS के साथ नहीं रहने वाला है, इसलिए भारत-रूस का नया स्पेस सहयोग आने वाले समय में आईएसएस के बाद की सबसे बड़ी साझेदारी बनने जा रहा है।

# दारू की दुकान में घुस गया जानवर, गटक गया कई बोतलें

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राज्य वर्जीनिया के ऐशलैंड शहर की एक दारू की दुकान में बीते दिनों को ऐसा नजारा दिखा, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हुआ यूं कि दुकान के कर्मचारी जब रूटीन चेक के लिए बाथरूम पहुंचे, तो दरवाजा खोलते ही उनके होश उड़ गए। क्योंकि, सामने जमीन पर एक ऐसा घुसपैठिया बेहोश पड़ा था, जिसकी शायद ही किसी ने कल्पना की होगी। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि एक रैकून (लोमड़ी की तरह दिखने वाला) था। क्यूट-सा दिखने वाला रैकून कथित तौर पर एबीसी शराब की दुकान में घुसा, रैक तोड़ीं और कई तरह के दारू की बोतलें गटक लीं, और फिर बाथरूम में कमोड के बगल में जाकर फैल गया। हनोवर काउंटी एनिमल प्रोटेक्शन एंड शेल्टर की अधिकारी मार्टिन को एक अजीबोगरीब कॉल आई। मौके पर पहुंचने के बाद उन्होंने देखा कि नन्हे शराबी ने दुकान की कई अलमारियों को तहस-नहस कर दिया था। वहां का दृश्य बयां कर रहा था कि रैकून ने किस कदर पार्टी की होगी। शेल्टर होम ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कन्फर्म किया कि रेस्क्यू के दौरान रैकून पूरी तरह से शराब के नशे में था। इस घटना की तस्वीरें शेयर करते हुए अधिकारियों ने मजाकिया लहजे में लिखा, यह जीव हैंगओवर से गुजर रहा है। वह बहुत टल्ली था, लेकिन किस्मत से कोई चोट नहीं लगी थी। अधिकारी मार्टिन ने बताया कि नन्हे शराबी को सुरक्षित रूप से पकड़ा और शेल्टर तक पहुंचाया गया। कुछ घंटों की गहरी नींद के बाद जब वह पूरी तरह होश में आया, तो उसे वापस जंगल में आजाद कर दिया गया।



# दुनिया का सबसे रहस्यमयी समुद्र, जिसमें नहीं डूब सकता कोई

**नई दिल्ली।** धरती की सतह का करीब 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका है। इसके कारण धरती को नीला ग्रह भी कहा जाता है। इसका अधिकतर हिस्सा करीब 97 प्रतिशत महासागरों में खारे पानी के रूप में मौजूद है। सिर्फ तीन फीसदी पानी मीठा है और उसमें से भी ज्यादातर ग्लेशियरों में जमा है। बहुत कम पानी का मात्रा नदियों, झीलों और भूजल में पीने योग्य है। आज हम आपको धरती पर सबसे ज्यादा नमकीन माने जाने वाले समुद्र के बारे में बताएंगे।

### समुद्री जल से 10 गुना नमकीन

दुनिया का सबसे खारा यानी सबसे नमकीन समुद्र मृत सागर को माना जाता है। इसमें 34 फीसदी नमक सांद्रता ज्यादा होने की वजह से ही इसे यह नाम दिया गया है। आंकड़ों के मुताबिक, यह सामान्य समुद्री जल से करीब दस गुना ज्यादा नमकीन है। मृत सागर की कोई निकासी नहीं है, जिसके कारण बहता पानी कभी बाहर नहीं निकलता है। इससे हजारों वर्षों से खनिजों का निक्षेपण हो रहा है।



**कहां है सबसे खारा समुद्र :** दुनिया का सबसे नमकीन समुद्र मृत सागर पूर्व में जॉर्डन और पश्चिम में इजराइल तथा फिलिस्तीन के बीच स्थित है। यह समुद्र तल से करीब 430 मीटर नीचे है। लाखों साल पहले टेक्टॉनिक परिवर्तनों से इस सागर का निर्माण हुआ है और इसका लंबा इतिहास है। कई प्राचीन ग्रंथों और सभ्यताओं में इसका इतिहास दर्ज है। उच्च तापमान वाले मरुस्थलीय क्षेत्र में मृत सागर स्थित है, जिसकी वजह से पूरे साल भारी वाष्पीकरण होता है।

### क्या जीवों की हो सकती है मौत?

मृत सागर की लवणता धीरे-धीरे बढ़ती जाती है। सिर्फ एक जॉर्डन नदी ऐसी है, जिसका एक निश्चित मात्रा में ताजा पानी इसमें मिलता है। इसके कारण समय के साथ नमक जमा होता जाता है। मृत सागर की नमकीन पानी ज्यादातर समुद्री जीवों के लिए रहने लायक नहीं है। मछली, पौधे और शैवाल ऐसी कठोर परिस्थितियों में जिंदा नहीं रह सकते। इस समुद्र की लवणता कोशिकाओं की नमी को सोख लेती है। मृत सागर की सबसे बड़ी खास बात यह है कि इसमें कोई भी डूब नहीं सकता। इसके पानी में नमक की मात्रा इतनी अधिक है कि अगर आप इसमें लेट भी जाएं तो डूबेंगे नहीं।

## वैज्ञानिक भी नहीं कर पाए यकीन

# अरबों साल से जमीन में सोया था आर्थ्रोपोड, सही-सलामत निकले सारे अंग

**बीजिंग।** दुनिया में हर दिन ऐसी खोज होती हैं, जो वैज्ञानिकों को हैरान कर देती हैं। अब वैज्ञानिकों ने 520 मिलियन साल पुराना जीवाश्म मिला है और उसके अंदरुनी अंग एकदम ठीक हैं। अब वैज्ञानिक 'आर्थ्रोपोड' के पूर्वजों के बारे में और ज्यादा जानकारी हासिल कर पाएंगे। आर्थ्रोपोड यानी जंतु जगत का सबसे बड़ा संघ। इसमें केकड़े, झींगे, कीड़े, मकड़ियां और बिच्छू जैसे जीव शामिल हैं। जोड़ों वाले पैरों और काइटिन के बने बाह्यकंकाल से इनकी पहचान की जाती है।



### यूटी युआनशी है नए जीवाश्म का नाम

डरहम यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने चीन में यह खोज की और अपनी खोजों को नेचर जर्नल में पब्लिश किया। इस जीवाश्म का नाम यूटी युआनशी रखा गया है। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह जीवाश्म एक लार्वा से जुड़ा है और यह बेहद छोटा है। इसकी स्कैनिंग के लिए एक जटिल टेक्नोलॉजी की जरूरत है। टीम ने यूटी युआनशी को स्कैन करने के लिए एडवांस्ड स्कैनिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया। उन्होंने एक प्रेस रिलीज में बताया कि दिमाग के छोटे हिस्सों, पाचन ग्रंथियों, एक पुराने सर्कुलेटरी सिस्टम और यहां तक कि लार्वा के साधारण पैरों और आंखों को सप्लाई करने वाली नसों के निशान की 3डी इमेजिंग की गई। इस स्टडी को लीड करने वाले डरहम यूनिवर्सिटी के डॉ. मार्टिन स्मिथ ने जीवाश्म की खोज को लेकर कहा कि इसका उन्होंने लंबे वक्त से ख्वाब देखा था। यह जीवाश्म फिलहाल चीन की युन्नान यूनिवर्सिटी में है।

### वैज्ञानिक बोले- इस दिन के सपने देखते थे

स्मिथ ने कहा, 'जब मैं उस फॉसिल के बारे में दिन में सपने देखता था जिसे मैं सबसे ज्यादा खोजना चाहता था, तो मैं हमेशा एक आर्थ्रोपॉड लार्वा के बारे में सोचता था, क्योंकि डेवलपमेंटल डेटा उनके एवोल्यूशन को समझने के लिए बहुत जरूरी है।' उन्होंने आगे कहा कि लार्वा बहुत नाजुक होते हैं, इसलिए माना जाता था कि इसका फॉसिल मिलना लगभग नामुमकिन है। लेकिन, जब टीम को यह सैंपल मिला, तो वे हैरान रह गए क्योंकि उन्हें न सिर्फ एक फॉसिल लार्वा मिला था, बल्कि उसके अंग भी पूरी तरह से सही-सलामत थे।

स्मिथ ने कहा कि जब उन्होंने इसकी स्किन के नीचे सुरक्षित स्ट्रक्चर देखे तो उनका मुंह खुला का खुला रह गया। ये मुश्किल चीजें सड़ने से कैसे बचीं और आधे अरब साल बाद भी देखने को कैसे मिलीं?

### अनंत अंबानी, यह प्रतिष्ठित अमेरिकी अवॉर्ड पाने वाले सबसे युवा और पहले एशियाई बने

# वन्यजीवों के लिए अनंत अंबानी को दिया गया 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड', 'वनतारा' को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन।** वन्यजीव संरक्षण और पशु कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए अनंत अंबानी को अमेरिका में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वनतारा के जरिए जानवरों के बचाव, इलाज, पुनर्वास और संरक्षण में उनके नेतृत्व के लिए दिया गया। इस उपलब्धि के साथ अनंत अंबानी ने एक खास रिकॉर्ड भी बनाया है। वह इस सम्मान को पाने वाले सबसे युवा और पहले एशियाई व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले



यह अवॉर्ड अमेरिकी राष्ट्रपतियों जॉन एफ कैनेडी और बिल क्लिंटन सहित हॉलीवुड हस्तियों और कई वैश्विक नेताओं को दिया जा चुका है।

इस सम्मान के साथ एक बार फिर 'वनतारा' का काम दुनिया के सामने चर्चा में आ गया है। वनतारा आज दुनिया के सबसे अलग और बड़े वन्यजीव संरक्षण प्रोजेक्ट्स में शामिल है। यहां घायल, बीमार और संकट में पड़े जानवरों को नई जिंदगी देने के साथ-साथ विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने और उन्हें दोबारा सुरक्षित माहौल में लौटाने के लिए लगातार काम किया जाता है। अवार्ड लेते हुए अनंत अंबानी ने कहा, "यह सम्मान मुझे 'सर्वभूत हित' यानी सभी जीवों की भलाई के रास्ते पर और मजबूती से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। जानवर हमें जीवन में संतुलन और संवेदनशीलता सिखाते हैं। वनतारा के जरिए हमारा मकसद हर जीव को सम्मान, देखभाल और एक बेहतर जिंदगी देना है। हमारे लिए संरक्षण भविष्य की बात नहीं, बल्कि आज की जिम्मेदारी है।" कार्यक्रम के आयोजक 'ग्लोबल ह्यूमन सोसाइटी' ने अनंत अंबानी और वनतारा की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वनतारा सिर्फ एक रेस्क्यू सेंटर नहीं, बल्कि जानवरों के इलाज, देखभाल और संरक्षण - तीनों को एक साथ जोड़ने वाला एक अनूठा मॉडल है। वनतारा ने यह दिखाया है कि बड़े पैमाने पर जानवरों की मदद कैसे की जा सकती है और यही मॉडल अब दुनिया के लिए एक मिसाल बन चुका है।

इस इंटरनेशनल इवेंट में वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कई बड़े नाम मौजूद थे, जिनमें डॉ. जॉन पॉल रोड्रीगेज़, मैथ्यू जेम्स, विलियम स्ट्रीट, थॉमस शिमड, डॉ. माइकल एड्केसन और कैथलीन डुडजिंस्की शामिल रहे। भारत से डॉ. नीलम खैरे, डॉ. वी.बी. प्रकाश और डॉ. के.के. शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# विशाल 'अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन' भारत मंडपम दिल्ली में

**'जनमंगल की सम्यग्दृष्टि : उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन' पर केंद्रित होगा**

**नई दिल्ली।** दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के पावन मार्गदर्शन में यह दो-दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन" होने जा रहा है। 'जनमंगल की सम्यग्दृष्टि : उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन' पर केंद्रित होगा। 12-13 दिसम्बर को इस सम्मेलन में 'हर मास - एक उपवास' महाभियान के शुभारंभ पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली के केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, इंडिया टीवी चेयरमैन रजत शर्मा, जाने माने लीवर विशेषज्ञ डा. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. अनुराग वार्ष्णेय जी गरिमा प्रदान करेंगे और संबोधन देंगे।

पूज्य बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे वहीं पूज्य आचार्य बालकृष्ण महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज और महंत बालकनाथ योगी जी महाराज पावन सानिध्य प्रदान करेंगे।




आप साक्षी हैं कि दुनिया के जनमंगल हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ से योग पूरी दुनिया में 'हरिद्वार से हर द्वार' तक पहुंचा और मानवता को वरदान मिला। ठीक उसी प्रकार आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अतुलनीय 557 दिवस तक निरंतर उपवास करके (और अब तक 3500 से अधिक उपवास करके) 'उपवास साधना शिरोमणि' की प्रतिष्ठा प्राप्त की है। अब दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए 'हर मास -एक उपवास' का महाभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है ताकि समस्त सिद्धिदायक 'उपवास' महामंत्र से मानवता का कल्याण हो।




## जो तुम बनोगे वही हमारा भारत बनेगाः गौतम अदाणी

### आईआईटी आईएसएम धनबाद का शताब्दी समारोह

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद के शताब्दी समारोह में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने छात्रों को भविष्य निर्माण का संदेश देते हुए कहा कि भारत की असली ताकत उसकी मिट्टी और ज्ञान परंपरा में छिपी है। उन्होंने कहा, "जो तुम बनोगे, वही हमारा भारत बनेगा।" अदाणी ने ऊर्जा, पर्यावरण और विकास को लेकर भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि देश 50% से अधिक बिजली गैर-फॉसिल स्रोतों से प्राप्त कर रहा है। उन्होंने खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क और ऑस्ट्रेलिया के कारमाइकल प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए नई अर्थव्यवस्था में माइनिंग और ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका पर जोर दिया। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, "सपने देखो, बेचैनी से उनका पीछा करो और भारत के भविष्य का निर्माण करो।" उनके "जय हिंद, जय भारत" के साथ ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।

## जयपुर में फैशन टूर का हाई-ऑक्टेन धमाका



**जयपुर।** फैशन टूर ने गुलाबी नगरी में मोटरस्पोर्ट और हाई-फ़ैशन के अनोखे फ्यूजन के साथ नई रफ्तार पकड़ी। एफडीसीआई के सहयोग से आयोजित इस इवेंट में डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने मोटरकोर–प्रेरित कलेक्शन पेश किए। शोस्टॉपर हरनाज संधू ने ग्लैमरस लुक के साथ रनवे पर जलवा बिखेरा, जबकि रैपर रफ्तार के लाइव परफॉर्मेंस ने माहौल में ऊर्जा भर दी। तीन-लैप रनवे कॉन्सेप्ट और स्पोर्ट्स कार स्टंट ने शो को इमर्सिव मोटरस्पोर्ट अनुभव में बदल दिया। अब यह फैशन टूर 20 दिसंबर को कोलकाता पहुंचेगा, जहां डिजाइनर अनामिका खन्ना क्राफ्टमैनशिप का नया रूप दिखाएंगी और अभिनेता ईशान खट्टर शोस्टॉपर होंगे।

## एचआरएस अलुग्लेज़ लिमिटेड का 50.92 करोड़ रुपये का आईपीओ 11 दिसंबर से खुलेगा



**अहमदाबाद।** एचआरएस अलुग्लेज़ लिमिटेड 11 से 15 दिसंबर 2025 तक अपने 50.92 करोड़ रुपये के पब्लिक ऑफर के लिए सब्सक्रिप्शन खोलेगी। कंपनी 94–96 रुपये के प्राइस बैंड पर 53.04 लाख इक्विटी शेयर जारी करेगी, जिनकी लिस्टिंग बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग अहमदाबाद के राजोदा में असेंबली और ग्लास ग्लेज़िंग लाइन स्थापित करने, वर्किंग कैपिटल जरूरतों और सामान्य कॉरपोरेट कार्यों में किया जाएगा। रिटेल निवेशकों के लिए न्यूनतम आवेदन 2,400 शेयरों का है, जिसके लिए ऊपरी प्राइस बैंड पर 2.30 लाख रुपये का निवेश आवश्यक होगा। H1FY26 में कंपनी ने 26.35 करोड़ रुपये की कुल आय और 4.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि FY24-25 में 5.15 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। इस ऑफर के लीड मैनेजर क्यूम्युलेटिव कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड हैं।

### रोबोट की मदद लेने को मजबूर हुई सरकार

# जापान में याददाश्त खोते लोगों से खड़ा हो रहा है महासंकट

**टोक्यो।** जापान में डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश यानी याददाश्त खो देना) एक बड़ा संकट बनता जा रहा है। जापान में पिछले साल, 2024 में डिमेंशिया से पीड़ित करीब 18,000 बुजुर्ग अपने घर का रास्ता भूलकर भटक गए। इनमें से 500 की लाश बाद में लावारिस हालत में बरामद हुई। जापानी अधिकारियों का कहना है कि 2012 के बाद से यानी बीते 12 साल में ऐसे मामलों की संख्या दोगुनी हो गई हैं। ऐसे में जापान की सरकार डिमेंशिया को बड़ी चुनौती की तरह देख रही है। सरकार ने इससे निपटने के लिए अब तकनीक का सहारा लेने का फैसला लिया है।

### जापान सरकार की बढ़ी चिंता

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की सरकार ने डिमेंशिया को अपनी सबसे जरूरी नीतियों में से एक माना है। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय का अनुमान है कि साल 2030 तक डिमेंशिया से जुड़ी स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल पर होने वाला खर्च बढ़कर 14 ट्रिलियन येन (90 अरब डॉलर) हो जाएगा। फिलहाल यह खर्च 9 ट्रिलियन येन है। जापान में उन लोगों को ट्रैक करने के लिए जीपीएस आधारित सिस्टम अपनाया जा रहा है, जो भटक जाते हैं। कई इलाकों में पहनने योग्य जीपीएस टैग दिए जा रहे हैं। ये टैग तुरंत अधिकारियों को सूचित कर देते हैं, अगर कोई व्यक्ति तय की गई जगह से बाहर जाता है। यह एक तरह का सामुदायिक सुरक्षा जाल है, जो कुछ ही घंटों में लापता व्यक्ति का पता लगा सकता है।



### इंसान की जगह लेना मुश्किल

एक्सपर्ट का कहना है कि डिवाइस और रोबोट सहायता के नए तरीके प्रदान करते हैं। इससे जापान जैसे देश में उम्मीद बंधती है, जहां पहले ही बुजुर्गों की देखभाल करने के लिए जवान आबादी कम है। हालांकि, इन तकनीकों के जरिए मानवीय जुड़ाव को नहीं बदला जा सकता है। वासेडा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मियाके कहते हैं, 'रोबोट को इंसानी देखभाल करने वालों का स्थान नहीं लेना चाहिए, सिर्फ उनकी मदद करनी चाहिए। हालांकि, वे कुछ काम संभाल सकते हैं। ऐसे में उनकी मुख्य भूमिका देखभाल करने वालों और मरीजों दोनों की सहायता करना ही है।

### डिमेंशिया से निपटेंगी तकनीक!

डिमेंशिया का जल्दी पता लगाने के लिए भी नई तकनीकें विकसित की जा रही हैं। फुजित्सु का एआई सिस्टम कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता डिमेंशिया के शुरुआती लक्षणों- चलते समय पैर घसीटना या खड़े होने में कठिनाई का पता लगा सकता है। फुजित्सु के प्रवक्ता हिडेनोरि फुजिवारा का कहना है कि उम्र से जुड़ी बीमारियों का जल्दी पता लगाना जरूरी है, ताकि डॉक्टर हस्तक्षेप कर सकें। वासेडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता एआईआरईसी नाम का एक रोबोट विकसित कर रहे हैं। यह 150 किलोग्राम का एक ह्यूमनॉइड रोबोट है, जिसे भविष्य का देखभाल सहायक माना जा रहा है। यह रोबोट मोजे पहनने और अंडे फेंटने से लेकर कपड़े तह करने जैसे काम करेगा। वासेडा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि भविष्य में एआईआरईसी बड़ा मददगार होगा।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी परमानेंट बेसिस पर सीधी पक्की भर्ती, 6230 सीट ,पद - वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, वनरेंजर,सैलरी - (28500- 38500/-) (10वी- 12वी पास ) लड़के लड़कियां आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप / कॉल करें -9685327774 (रायपुर /09/ दिस./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# क्वांटम की सबसे बड़ी मिस्ट्री सॉल्व! 100 साल बाद गलत साबित हुए आइंस्टीन

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों की एक टीम ने करीब 100 साल पहले अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा दिए गए एक मशहूर एक्सपेरिमेंट को फिर से किया है। इस प्रयोग से क्वांटम यांत्रिकी का एक जरूरी सिद्धांत सही साबित होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, उनके इस प्रयोग से पता चला कि किसी कण का रास्ता और उसका तरंग जैसा व्यवहार, इन दोनों को एक साथ नहीं देखा जा सकता. यह बात क्वांटम चीजों की प्रकृति के बारे में नील्स बोहर के विचार को सही साबित करती है।

### चीनी वैज्ञानिकों की रिपोर्ट



### कैसे की गई ये स्टडी?

टीम ने बहुत ही संवेदनशील उपकरण बनाए जो एक अकेले फोटॉन की छोटी सी हरकत का भी पता लगा सकते थे। जब उन्होंने कण का रास्ता मापने की कोशिश की तो व्यतिकरण पैटर्न खत्म हो गया। जब वे व्यतिकरण पैटर्न को देखते हैं तो पार्टिकल्स का रास्ता पता लगाना नामुमकिन हो जाता है।

### क्या था आइंस्टीन का विचार?

अल्बर्ट आइंस्टीन ने सोचने वाला एक्सपेरिमेंट सुझाया था. यह डबल स्लिच प्रयोग का ही बदला बुआ रूप था, जिसका मकसद यह दिखाना था कि कण और तरंग दोनों गुणों को एक साथ मापना शायद संभव है। अगर यह सच हो जाता तो बोहर का सिद्धांत गलत साबित हो जाता। कई दशकों तक आइंस्टीन की यह चुनौती सिर्फ कागजों तक सीमित थे। लेकिन, अब प्रोफेसर पान जियावर्वेई के नेतृत्व में चीन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की टीम ने इसे असली प्रयोग में बदला।

### क्या थी ये थ्योरी?

1927 में ब्रुसेल्स में हुए एक सम्मेलन में भौतिक वैज्ञानिकों ने क्वांटम यांत्रिकी की नींव पर बहस शुरू की थी। आइंस्टीन इस सिद्धांत पर शक करते थे और उन्होंने बौहर के पूरकता के सिद्धांत को चुनौती देने की कोशिश की थी। बोहर के मुताबिक, फोटॉन जैसे क्वांटम कण एक ही समय में कण और तरंग दोनों की तरह व्यवहार कर सकते हैं।

### गर्भ में लीवर से चिपकी थी बच्ची सर्जरी से बचाई मां-बेटी की जान!

**लीमा।** मेडिकल साइंस ने लगातार प्रगति की है, लेकिन आज भी कुछ मामले ऐसे सामने आते हैं जो डॉक्टरों को हैरान कर देते हैं। ये दुर्लभ घटनाएं चिकित्सा जगत के लिए चुनौती और प्रेरणा दोनों होती हैं। ऐसा ही एक अत्यंत दुर्लभ चमत्कार हाल ही में सामने आया, जहां पेरू की रहने वाली महिला ने एक ऐसी स्वस्थ बच्ची को जन्म देकर डॉक्टरों को चौंका दिया, जो उसके गर्भाशय की जगह लिवर से चिपकी हुई थी। बच्ची का निषेचित अंडा गर्भाशय के बजाय मां के लिवर से जुड़ गया था। इस दुर्लभ कंडिशन को हेपेटिक एक्टोपिक प्रेग्नेंसी कहा जाता है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा ।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें ।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज–सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा–विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई–बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन–सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6072



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6071 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | ■ | मि | ■ | वि | रा | स | त |
| ■ | र | ■ | धु | ■ | ग | द | र | ■ | ही | न |
| क | ■ | ■ | व | रा | ह | ■ | ह | ■ | ■ | हा |
| म | हा | वी | र | ■ | बा | ल | ■ | क | मा | ई |
| जो | ■ | रा | ■ | ना | न | ■ | श | ■ | ख | ■ |
| र | म | णी | य | ता | ■ | भा | व | ही | न | ता |
| ■ | न | ■ | म | ■ | ज | ल | ■ | ट | ■ | र |
| अ | का | ल | ■ | शू | ल | ■ | नी | र | व | ता |
| प | ■ | ■ | न | ■ | प्र | ख | र | ■ | ■ | र |
| रा | ल | ■ | म | हु | वा | ■ | स | ■ | मी | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ह | ■ | ता | र | त | म्य |

## सूडोकु नवताल - 6082

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |



आग बुझने के बाद क्षतिग्रस्त ऑफिस **इनसेट में** आग में जलती बिल्डिंग

# जकार्ता में आग से 20 की मौत, राहत और खोजबीन जारी

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। हालांकि, आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर राहत व खोजबीन अभियान जारी है। इस जानकारी की पुष्टि सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने की।


बिल्डिंग की सुरक्षा करती पुलिस

## आग ऊपर की मंजिलों तक फैली

*कोंड्रो के अनुसार आग दोपहर के समय इमारत की पहली मंजिल पर लगी और धीरे-धीरे ऊपर की मंजिलों तक फैल गई। जिस समय आग लगी, कई कर्मचारी लंच कर रहे थे, जबकि कुछ ऑफिस से बाहर जा चुके थे।*

## आग के कारणों की कर रहे जांच

*जकार्ता डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रमुख इस्नावा अदजी ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान के आकलन पर काम हो रहा है। उनके मुताबिक आग कैसे लगी, यह अब भी जांच का विषय है। अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 28 फायर ट्रक और 101 कर्मियों को तैनात किया था। मृतकों और घायलों को पहचान और इलाज के लिए पूर्वी जकार्ता के क्रामत जाति पुलिस हॉस्पिटल ले जाया गया।*

### टेरा ड्रोन कंपनी का ऑफिस

यह इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है, जो खनन, कृषि समेत कई क्षेत्रों में ग्राहकों को हवाई सर्वे ड्रोन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य पूरा होने तक इमारत को पूरी तरह सील रखा जाएगा।

**भारत पर मंडराया कृषि संकट**

# यूएस राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयातित चावल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के दिए संकेत

*ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से अमेरिका आने वाले चावल पर सख्ती करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि भारत को अपना चावल अमेरिकी बाजार में नहीं खपाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि ऐसा न हो, हम इसका ध्यान रखेंगे। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए ये बात कही।

- अमेरिकी किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की मदद का ऐलान

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी ऐलान किया।


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### सस्ता चावल खपाने का आरोप

बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। मेरिल ने कहा कि भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है। पहले प्यूर्टो रिको, अमेरिकी चावल का सबसे बड़ा बाजार था।

### चावल पर टैरिफ की कोई छूट नहीं

ट्रंप ने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से पूछा, भारत को अपना चावल अमेरिका में खपाने की इजाजत क्यों मिल रही है? उन्हें टैरिफ देना चाहिए या उन्हें चावलों पर कोई छूट मिली हुई है? इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को कोई छूट नहीं मिली है, लेकिन हमारी अभी भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है।

### चावल निर्यात में भारत की बड़ी हिस्सेदारी

भारत दुनिया में चावल का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, यहां 15 करोड़ टन चावल का सालाना उत्पादन होता है, जो दुनिया के कुल उत्पादन का 28 प्रतिशत है। भारत, चावल का सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है, साल 2024-25 में चावल के कुल निर्यात का 30 प्रतिशत अकेले भारत ने निर्यात किया। ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 2.34 लाख टन चावल का निर्यात किया। हालांकि भारत के कुल बासमती चावल निर्यात 52 लाख टन का यह पांच प्रतिशत से भी कम है।

### पानी नहीं छोड़ा तो 5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगेगा

*ट्रंप ने मैक्सिको को चेतावनी दी है कि अगर वह समझौते के तहत तय पानी नहीं देता, तो वॉशिंगटन उस पर पांच फीसदी का अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाएगा। ट्रंप ने कहा कि इस पानी की कमी से टेक्सास के किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। ट्रंप ने सोमवार को 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट में कहा कि मैक्सिको पिछले पांच साल से संधि के तहत अपना वादा नहीं निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक पानी की कमी आठ लाख एकड़-फुट से भी ज्यादा हो चुकी है, जो टेक्सास की फसलों और पशुपालन के लिए बड़ी समस्या है।*

## खबर संक्षेप

### नकवी की कार की पुलिस ने तलाशी ली

**लंदन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और देश के



गृहमंत्री मोहसिन नकवी की लंदन में घनघोर बेइज्जती हुई है। ब्रिटिश पुलिस ने ट्रॉफी चोर नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि दुनिया में पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय साख कैसी है। बताया जा रहा है कि नकवी शहजाद अकबर और आदिल राजा के प्रत्यर्पण पर बातचीत के लिए ब्रिटेन में थे। नकवी पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन भी हैं।

### दिल्ली ब्लास्ट में आरोपी नसीर गिरफ्तार

**दिल्ली।** दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से




जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी आज सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है। बता दें, जांच एजेंसी एनआईए के द्वारा 16 नवंबर को इस आरोपी की गिरफ्तारी की गई थी।

### कराची में हिंदू महिला और बेटी का अपहरण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची के शेरशाह स्थित सिंधी



मोहल्ले में शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने यहां एक हिंदू महिला और उसकी नाबालिग बेटी का अज्ञात बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। परिवार ने बताया कि महिला जैसे ही घर से बाहर निकली 3 हथियारों से लैस लोग आए और उसे जबरन एक सफेद कार में बैठा लिया। सिंध प्रांत में नागरिक अधिकार कार्यकर्ता शिवा काची ने बताया है कि रानी और उनकी नाबालिग बेटी अब भी लापता हैं। अब जबरन इस्लाम कुबूल करवाया जाएगा।

### जापान में भूकंप से 33 लोग घायल

**टोक्यो।** उत्तरी जापान के समुद्र तट के पास सोमवार देर रात 7.5



तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में 33 लोग घायल हुए। इसके अलावा, प्रशांत तटवर्ती इलाकों में सुनामी की लहर आई। अधिकारियों ने बाद में और बड़े भूकंप के झटकों के जोखिम की चेतावनी दी। जापानी सरकार भूकंप से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। यह भूकंप रात करीब सवा ग्यारह बजे प्रशांत महासागर में आया। भूकंप मुख्य होंशू द्वीप के उत्तरी हिस्से में आओमोरी तट से लगभग 80 किलोमीटर दूर समुद्र में आया।

## गोवा सीएम सांवत ने नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के खिलाफ जारी किया आदेश

# नाइट क्लब के बाद रेस्टोरेंट पर भी चला बुलडोजर, इंटरपोल ने जारी किया नोटिस

**मार्च 2024 में लाइसेंस खत्म होने के बाद हो रहा था संचालन**

एजेंसी ▶▶ पणजी

लूथरा बंधुओं के गोवा के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के साथ रेस्टोरेंट को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। सीएम प्रमोद सावंत के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। गोवा सीएमओ ने एक बयान जारी कर बताया कि इंटरपोल ने भी नाइट क्लब के मालिकों गौरव और सौरभ लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। गोवा पुलिस ने दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से संपर्क किया था। सीएम कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीएम सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाइट क्लब को गिराने का निर्देश दिया है।

अधिकारी ने कहा कि यह नाइट क्लब सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से बना है। वहीं राज्य प्रशासन ने स्थानीय पंचायतों पर अवैध निर्माण की मंजूरी देने का आरोप लगाया। सीएम कार्यालय से जारी बयान में कहा गया कि नाइट क्लब के बिजली कनेक्शन, पानी कनेक्शन और भवन मरम्मत की एनओसी पर हस्ताक्षर किए। नाइट क्लब का ट्रेड लाइसेंस भी मार्च 2024 में खत्म हो गया था।

> *सीएम सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाइट क्लब को गिराने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने कहा कि यह नाइट क्लब सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से बना है*



नाइट क्लब में अग्निकांड के बाद पुलिस की उपस्थिति में जले हुए अवशेषों को हटाते हुए

### सुरिंदर खोसला को भी बताया जा रहा आरोपी

*जिस जगह नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन बना था, उस जमीन के मालिक प्रदीप अमोनकर ने बताया कि जिस नाइट क्लब में आग लगी, उसमें अवैध निर्माण की कई वर्षों से शिकायत हो रही थी। अमोनकर ने बताया कि उन्होंने साल 1994 में अरपोरा गांव में दो प्लॉट लिए थे और साल 2004 में उन्होंने सुरिंदर कुमार खोसला के साथ इस प्लॉट को बेचने का समझौता किया था, लेकिन छह महीने बाद ये सौदा खारिज हो गया क्योंकि खोसला पैसों का भुगतान नहीं कर सके। इसके बावजूद खोसला ने इस जमीन पर नाइट क्लब बनाया, जिसे बाद में सौरभ और गौरव लूथरा ने ले लिया। फिलहाल ये दोनों ही यहां बिर्क बाय रोमियो लेन नाइट क्लब का संचालन कर रहे थे।*

### तीसरा आरोपी कोहली अरेस्ट

तीसरे आरोपी भारत कोहली को दिल्ली से हिरासत में लेकर गोवा पुलिस अपने साथ ले आई है। उससे लंबी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ से भागे हुए आरोपियों की भूमिका और आग से पहले की घटनाओं को समझने में मदद मिल सकती है।

### दिल्ली में लूथरा ब्रदर्स के घर पहुंची पुलिस

गोवा नाइट क्लब अग्निकांड के दो मुख्य आरोपियों की तलाश तेज हो गई है। लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद पुलिस की एक टीम आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की तलाश में उसके घर जीटीबी नगर पहुंची। जीटीबी नगर स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' रेस्टोरेंट के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के ठिकानों पर दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दस्तक दी। जो कथित तौर पर एक घटना के बाद से फरार हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। आग रात लगभग 12 बजे के करीब लगी थी, लेकिन सुबह 5:30 बजे ही दोनों आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से फुकेट (थाईलैंड) के लिए उड़ान ले चुके थे।


सौरभ लूथरा, गौरव लूथरा

**पाकिस्तान को आईएमएफ से दूसरा ऋण**

# संकट से उबरने के लिए 11,000 करोड़ रुपए दिए, तारीफ भी की


आईएमएफ की चीफ क्रिस्टलीना जॉर्जीवा और पाक पीएम शहबाज शरीफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को आर्थिक संकट से उबरने के लिए 1.2 बिलियन डॉलर (करीब 11 हजार करोड़ रुपए) के फंड को मंजूरी दी है। इसमें 1 बिलियन डॉलर का ऋण और क्लाइमेट प्रोग्राम के तहत 200 मिलियन डॉलर की सहायता शामिल है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की तारीफ भी की और कहा कि उसने चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था को स्थिर रखा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह दूसरा मौका है जब आईएमएफ ने पाकिस्तान को ऋण दिया है। उसने इससे पहले 9 मई को 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 12,600 करोड़) का ऋण दिया था।

### तीन किस्तों में 30 हजार करोड़ मिले

पाकिस्तान को यह फंडिंग 2024 में मिले एक बेलआउट प्रोग्राम का हिस्सा है, जो 37 महीनों तक चलेगा। इसमें किस्तों में उसे कुल 7 बिलियन डॉलर दिए जाने हैं। यह उसकी तीसरी किस्त है। जो पिछली यानी दूसरी किस्त के रिव्यू के बाद अप्रूव हुई है। मंगलवार (9 दिसंबर) को आईएमएफ के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने पाकिस्तान के इकोनॉमिक प्रोग्राम की दो रिव्यू पूरी की और 1.2 बिलियन डॉलर की अतिरिक्त फंडिंग को मंजूरी दे दी।

### पाक पर 8.25 लाख करोड़ का विदेशी कर्ज

जुलाई 2025 तक पाक पर कुल 80.6 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए (25.66 लाख करोड़) का कर्ज है। इसमें घरेलू यानी देश के अंदर से लिया गया कर्ज 54.5 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए (17.41 लाख करोड़) और विदेशी कर्ज 26 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए (8.25 लाख करोड़)। जुलाई 2024 के के मुकाबले पाकिस्तान पर कर्ज में 13% का इजाफा हुआ है।

**भारत-इंडोनेशिया का 'गरुड़ शक्ति' अभ्यास**

# आंतकी रोधी अभियान में हेलीबोर्न ऑपरेशन, लड़ाकू शूटिंग शामिल


'गरुड़ शक्ति' अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' का 10वां संस्करण हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में जारी है। यह अभ्यास 3 से 12 दिसंबर 2025 तक चलेगा। भारतीय सेना की तरफ से एक्स पर जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास गरुड़ शक्ति का 10वां संस्करण बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में चल रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य अर्ध-पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद-रोधी अभियानों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को सुगम बनाना है। मुख्य फोकस क्षेत्रों में हेलीबोर्न ऑपरेशन, लड़ाकू शूटिंग और ड्रोन तथा सी-यूएएस प्रणालियों का उपयोग शामिल है, जो भारत और इंडोनेशिया के बीच मजबूत रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा।

## शहीदों को समर्पित 'स्वाहिद स्मारक'


**गुवाहाटी।** असम में 1979 से 1985 तक चले छह साल लंबे आंदोलन के दौरान 855 शहीदों को समर्पित राज्य का पहला भव्य 'शहीद स्मारक क्षेत्र और उद्यान 'स्वाहिद स्मारक' बुधवार, 10 दिसंबर को जनता के लिए खोला जाएगा। 116 बीघा में फैले इस स्मारक का काम पूरा हो चुका है। यह स्मारक गुवाहाटी के बोरगांव इलाके में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर बताया कि वे 10 दिसंबर को इसका उद्घाटन करेंगे।

## अनिल अंबानी के बाद अब बेटे अनमोल के खिलाफ सीबीआई एक्शन में

# 228 करोड़ के घोटाले में एफआईआर दर्ज, घर सहित कई स्थानों पर छापेमारी

**दस्तावेज, ऋण खाते और आंतरिक रिकॉर्ड की गहन जांच जारी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हाल ही में 1,120 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त करने के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके बेटे जय अनमोल अंबानी के खिलाफ धोखाधड़ी का आपराधिक मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 228.06 करोड़ के कथित नुकसान से जुड़ी है। सोमवार को सीबीआई ने कंपनी के कार्यालयों तथा जय अनमोल अंबानी के निवास स्थान पर छापेमारी भी शुरू की। जांच एजेंसी दस्तावेज, ऋण खाते और आंतरिक रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है।


अनमोल अंबानी, अनिल अंबानी

### 3 साल तक धन का दुरुपयोग किया

*सीबीआई की बैंकिंग सिक्योरिटी एंड फ्रॉड ब्रांच ने 6 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में एफआईआर दर्ज की। इसमें रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के पूर्व निदेशक जय अनमोल अंबानी, पूर्व सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र शरद सुधाकर, अज्ञात सहयोगियों तथा कुछ अज्ञात लोक सेवकों को नामजद किया गया है। आरोप है कि 1 अप्रैल 2016 से 30 जून 2019 के बीच धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग की घटनाएं हुईं।*

### यूनियन बैंक ने की थी शिकायत

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुंबई स्थित परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा के उप महाप्रबंधक अनूप विनायक तराले की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई। वर्ष 2015 में आरएचएफएल ने वित्तीय सहायता के लिए तत्कालीन आंध्रा बैंक (अब यूनियन बैंक में विलय) से संपर्क किया था।

### फंड डायवर्जन का खुलासा

5 मई 2020 की फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं। कुल 12,573.06 करोड़ के लगभग 86% कॉर्पोरेट ऋण संभावित रूप से जुड़ी हुई संस्थाओं को दिए गए थे, जिनमें पुनर्भुगतान क्षमता या पर्याप्त कोलेटरल का उचित आकलन नहीं किया गया था। लगभग 40% राशि (3,573.06 करोड़) आवास वित्त के मूल उद्देश्य के बजाए ग्रुप कंपनियों के पुराने ऋण चुकाने में इस्तेमाल की गई। 18% राशि (1,610.13 करोड़) सर्कुलर ट्रांजेक्शन में फंसी दिखी, जिसमें धन वापस आरएचएफएल को ही लौटाया गया। शेष 22% राशि (1,934.88 करोड़) के अंतिम उपयोग का पता नहीं चल सका।

# एडिलेड टेस्ट में कमिंस की वापसी तय, हेजलवुड बाहर




एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रंखला में 2-0 से आगे है। आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी।''इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था। तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी, जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है।

# इंग्लैंड को करारा झटका, चोट के कारण वुड बाहर

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम को एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए।

वुड पर्थ में श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेले थे लेकिन अपना खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्होंने 11 ओवर किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वह बाएं घुटने में तकलीफ के कारण वे ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी की फिटनेस एशेज श्रृंखला से पहले एक मुद्दा बनी थी क्योंकि मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने हाल में वापसी की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले मैट फिशर को कवर के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।




वुड ने कहा, 'मैं एशेज से बाहर होने से बहुत दुखी हूं। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए सर्जरी और सात महीनों की कड़ी मेहनत और रिहैबिलिटेशन के बावजूद मेरा घुटना अब तक ठीक नहीं हो पाया है।''इंग्लैंड को एशेज जीतने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाला तीसरा टेस्ट हर हाल में जीतना होगा। इंग्लैंड ने 2010-11 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट नहीं जीता है और वुड के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है।

## खबर संक्षेप



### पुंछ एलओसी के पास मैराथन सैकड़ों युवाओं ने लगाई दौड़

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह मैराथन दूसरी बार आयोजित किया जा रहे मेंढर महोत्सव का हिस्सा थी। यह महोत्सव 23 नवंबर को शुरू हुआ और 11 दिसंबर को समाप्त होगा।

### एसए20 की कमेंट्री टीम में उथप्पा, स्टेन और मॉर्गन

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व दिग्गज टी20 खिलाड़ी रोबिन उथप्पा, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन एसए20 लीग के आगामी सत्र के लिए कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।



एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा जबकि फाइनल 25 जनवरी को खेला जाएगा। भारत में एसए20 का प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। अपनी पीढ़ी के महानतम तेज गेंदबाजों में शामिल स्टेन और इंग्लैंड की 2019 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के कप्तान मोर्गन के जुड़ने से कमेंट्री टीम को और मजबूती मिली है। पिछले सत्र में भी इस लीग के कमेंट्री पैनल का हिस्सा रहे उथप्पा एसए20 लीग के साथ अपना जुड़ाव जारी रखेंगे। जारी विज्ञप्ति के अनुसार कमेंट्री पैनल में शामिल अन्य सदस्य इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन, पूर्व प्रथम श्रेणी कमेंटेटर और दिग्गज क्रिकेट विशेषज्ञ मार्क निकोलस, टी20 क्रिकेट के बल्लेबाजों में शामिल एबी डिविलियर्स और दक्षिण अफ्रीका के उनके हमवतन जेपी डुमिनी, एश्वेल प्रिंस, क्रिस मौरिस तथा वनर्न फिलेंडर हैं।

### 21 को कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे 23 हजार धावक

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23 हजार से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे।



युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे, जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार 1:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है। इस दौड़ की कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं के लिए बराबर की पुरस्कार राशि रखी गई है।

## आईपीएल 2026 : नीलामी अबू धाबी में 16 दिसंबर को

# नीलामी के लिए बीसीसीआई ने तैयार की अंतिम सूची, डीकॉक का नाम शामिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 1,355 खिलाड़ियों की सूची तैयार की थी। इस सूची को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। अंतिम सूची में 350 नाम शामिल हैं। इसमें 35 नए नाम शामिल हैं। बीसीसीआई ने जो नए नाम शामिल किए हैं, उनमें दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का नाम प्रमुख है। डी कॉक का बेस प्राइस 1 करोड़ है। क्विंटन डी कॉक का नाम विकेटकीपर-बल्लेबाजों के तीसरे सेट में शामिल किया गया है।

डी कॉक का आईपीएल में लंबा अनुभव है। उनके लिए नीलामी में टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। डी कॉक को केकेआर ने अगले सीजन के लिए रिटेन नहीं किया था। फिलहाल वह दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं और भारत के साथ होने वाली 5 टी20 मैचों की सीरीज में अपना जलवा दिखाने को तैयार हैं। आईपीएल 2026 के लिए मिनी नीलामी का आयोजन अबू धाबी में 16 दिसंबर को होगा। नीलामी में कैमरन ग्रीन महंगे खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं।




### विदेशी खिलाड़ियों में मैथ्यू और फर्नांडो

नीलामी के लिए तैयार अंतिम सूची के विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के ट्रेवीन मैथ्यू, बिनुरा फर्नांडो, कुसल परेरा और दुनिथ वेल्लालगे शामिल हैं। अफगानिस्तान के अरब गुल, इंग्लैंड के माइल्स हैमंड और डैन लेटिगन, और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, कॉनर एजथरहूजेन, जॉर्ज लिंडे और बायांडा माजोला को शामिल किया गया है।

### भारतीय में सादेक सोलंकी और साबिर

वहीं भारतीय खिलाड़ियों में सादेक हुसैन, विष्णु सोलंकी, साबिर खान, बृजेश शर्मा, कनिष्क चौहान, आरोन जॉर्ज, जिक्कू ब्राइट, श्रीहरि नायर, माधव बजाज, श्रीवत्स आचार्य, यशराज पुंजा, साहिल पराख, रोशन वाघसारे, यश दिचोलकर, अयाज खान, धुर्मिल मत्कर, नमन पुष्पक, परीक्षा वालसणकर, पुरव अग्रवाल, ऋषभ चौहान, सागर सोलंकी, इजाज सावरिया और अमन शेखावत के नाम जोड़े गए हैं।

### 2 करोड़ के बेस प्राइस में 40 खिलाड़ी

2 करोड़ के बेस प्राइस में 40 खिलाड़ी हैं। इसमें रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर के रूप में सिर्फ 2 भारतीय खिलाड़ी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक नीलामी की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों से शुरू होगी। पहले बल्लेबाजों, फिर ऑलराउंडरों, विकेटकीपर-बल्लेबाजों, तेज गेंदबाजों और फिर स्पिनरों की नीलामी होगी। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

### पहले सेट में ग्रीन शामिल

पहले सेट में कैमरन ग्रीन शामिल हैं और उनके साथ डेवोन कॉनवे, जेक फ्रेजर-मैक्गर्क, सरफराज खान, पृथ्वी शॉ और डेविड मिलर के नाम हैं। वहीं वेंकटेश अय्यर ऑलराउंडरों के दूसरे सेट में शामिल होंगे।

### नीलामी में एक्सेलरेटेड राउंड लागू

बोर्ड के मुताबिक नीलामी में एक्सेलरेटेड राउंड लागू होगा। यह प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी। पहले एक्सेलरेटेड राउंड में 71 से 350 तक के सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके बाद टीमों से उन खिलाड़ियों के नाम मांगे जाएंगे, जिन्हें वे दोबारा नीलामी में देखना चाहती हैं।

### 64.3 करोड़ के साथ नीलामी में उतरेगी केकेआर

तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ रुपए की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है, जिसके पास 43.4 करोड़ रुपए की धनराशि बची है। एक बार आईपीएल खिताब जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ रुपए के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है।

## फुटबॉल

# फैशन शो में हिस्सा लेंगे मेस्सी और सुआरेज



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे, जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है।

'जीओएटी इंडिया टूर 2025' के प्रमोटर सतादरू दत्ता ने बताया कि मेस्सी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे। दत्ता ने बताया कि यह 'धर्मार्थ फैशन शो' होगा। इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेस्सी से औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा।

### सेसा फुटबॉल अकादमी ने किया आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और एसएफए के पूर्व कोच अरमांडो कोलासो ने कहा कि इससे गोवा में महिला फुटबॉल को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने महिला फुटबॉलरों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अकादमी को श्रेय दिया।

## आईसीसी रैंकिंग

# टॉप 10 में स्मृति और जेमि लॉरा का जलवा बरकरार




एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वर्ल्ड कप 2025 में विश्व विजेता भारतीय टीम की नंबर 1 बैटर स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में नंबर 2 की पोजीशन पर मौजूद हैं। आईसीसी की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में स्मृति के 811 रेटिंग अंक हैं। वहीं साउथ अफ्रीका की कप्तान और वर्ल्ड कप की टॉप स्कोरर लॉरा वोल्वार्ट 814 रेटिंग अंक नंबर 1 महिला वनडे बैटर बनी हुई हैं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ही हैं। भारतीय महिला टीम अब टी20 सीरीज खेलने 21 दिसंबर से श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी।

### जेमि 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर

अगर महिलाओं की वनडे रैंकिंग के टॉप 10 बैटर्स की बात करें तो जेमिमा रोड्रिग्स को तगड़ा फायदा हुआ था। भारत के लिए सेमीफाइनल में जीत की हीरो रहीं जेमिमा 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर आ गई थीं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी फायदा हुआ था और वह 18वें से 14वें स्थान पर आ गई थीं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमि ही हैं।

### एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज

ताजा रैंकिंग टी20 की अपडेट हुई हैं, जिसमें एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज हैं और बेथ मूनी नंबर 1 बैटर हैं। साउथ अफ्रीका की मलाबा चार स्थान की छलांग के साथ नंबर 6 पर आ गई हैं। वहीं भारतीयों की रैंकिंग में खास बदलाव नहीं हुए हैं। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के बाद कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।

**दीप्ति का रैंकिंग में दबदबा :** इसके अलावा महिला वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा टॉप 5 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में हैं। वह चौथे स्थान पर मौजूद हैं। जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में वह टॉप 10 में मौजूद अकेली भारतीय खिलाड़ी हैं और पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। अगर महिला टी20 बैटर्स की रैंकिंग देखें तो स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा 9वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा नंबर 2 और रेणुका सिंह ठाकुर 11वें स्थान पर हैं। टी20 ऑलराउंडर्स में भी दीप्ती शर्मा तीसरे स्थान पर हैं और टॉप 10 में अकेली भारतीय हैं।

### सुपर ओवर में डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स को हराया

**दुबई।** सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है। इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया।

# प्रदर्शन मैच में अल्काराज का जलवा अमांडा और जेसिका ने लिया हिस्सा

एजेंसी ▶▶| मियामी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा।

यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे।




### जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग



**जमशेदपुर।** भारतीय फुटबॉल में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत एक विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल कर ली गईं।

## प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर ने टॉप छह में बनाई जगह

# मैनचेस्टर यूनाइटेड की लगातार 5वीं जीत, वॉल्व्स को हराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग में लगातार अपनी 5वीं जीत दर्ज की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वॉल्व्स को 4-1 से हराया। टीम की जीत में ब्रूनो फर्नांडीस के दो गोल का अहम योगदान रहा। इस जीत के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग के टॉप छह में जगह बना ली।

फर्नांडीस का पहले हाफ का गोल हाफ टाइम से ठीक पहले जीन-रिकनर बेलेगार्ड ने कैंसिल कर दिया था, लेकिन ब्रायन मबेउमो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही यूनाइटेड की बढ़त वापस दिला दी। मेसन माउंट ने 62वें मिनट में तीसरा गोल किया, जिसके बाद फर्नांडीस ने 82वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलाई। जीत के साथ छठे नंबर की यूनाइटेड के 25 पॉइंट हो गए, जो चेल्सी के बराबर है, जो पांचवें नंबर पर है। यह वॉल्व्स की लगातार आठवीं हार थी। वॉल्व्स दो पॉइंट के साथ टेबल में सबसे नीचे है और अपने ऊपर की टीम बर्नले से आठ पॉइंट पीछे है।



### हमारी गति अच्छी थी

जीत के बाद यूनाइटेड के मैनेजर रूबेन एमोरिम ने कहा, "मुझे लगता है कि हमने गेम की शुरुआत बहुत अच्छी की। हमने एक गोल किया और हमने वुल्व्स को गेम में थोड़ा वापस आने दिया। पहले हाफ के आखिर में हमें दिक्कत हुई, लेकिन दूसरे हाफ में हमारी गति अच्छी थी। हमने सही फैसले लिए। हमने गेम खत्म किया और वुल्व्स एक मुश्किल दौर से गुजर रही है।

### हमारे पास बहुत सारे शॉट थे

एमोरिम ने कहा, "हमने चार गोल किए, लेकिन हमारे पास बहुत सारे शॉट थे। मुझे लगता है कि अगर आप पिछले सीजन और इस सीजन की तुलना करें, तो हमने बहुत सुधार किया है। हम बहुत ज्यादा मौके बना रहे हैं, ज्यादा गोल कर रहे हैं, और ज्यादा खतरे की स्थिति का इससे मैं बहुत खुश हूं।"

### खराब खेल की मिल रही सजा

वॉल्व्स के कोच रॉब एडवर्ड्स ने कहा, "हमने मैच में वापसी की थी, लेकिन लगातार गोल लगने की वजह से मैच हमसे दूर चला गया। मैच के बड़े पलों में, हमने उन्हें बॉल वापस देने पर जोर दिया। हमें खराब खेल की सजा मिल रही है। हमें अपने खेल में लगातार सुधार करने और अच्छा खेलने की कोशिश करनी होगी।"




## कुटुम्ब न्यायालय के द्वारा पारित तलाक का आदेश सही

# वैवाहिक प्रकरण में पूरी तरह लागू नहीं होता इंडियन एविडेंस एक्ट : हाईकोर्ट

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि वैवाहित प्रकरणों में इंडियन एविडेंस एक्ट पूरी तरह से लागू नहीं होता है। जस्टिस विशाल धगट व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने कहा कि 65-बी सर्टिफिकेट के बिना कुटुम्ब न्यायालय के द्वारा तस्वीर को देखते हुए एडल्टरी यानि विवाहेत्तर संबंध के आधार पर तलाक का आदेश पारित करने में कोई गलती नहीं की है। लिहाजा, कुटुम्ब न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील निरस्त की जाती है।



दरअसल, बालाघाट निवासी महिला की ओर से दायर अपील में कहा गया था कि उसका विवाह साल 2006 में अनावेदक के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। अनावेदक पति ने तलाक के लिए कुटुम्ब न्यायालय में आवेदन दायर किया था। अनावेदक पति ने न्यायालय में उसकी एक अन्य व्यक्ति के साथ फोटो प्रस्तुत की थी। फोटे के साथ इंडियन एविडेंस एक्ट के तहत प्रमाणिता के लिए 65-बी सार्टीफिकेट प्रस्तुत नही किया गया था। कुटुम्ब न्यायालय ने इसके बावजूद एडल्टरी के आधार पर तालाक का आदेश पारित किया था। अपीलकर्ता महिला की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा गया था कि एविडेंस एक्ट, 1872 के सेक्शन 65-बी का पालन करना ज़रूरी है। अपीलकर्ता के मोबाइल में उक्त तस्वीर थी, जो गलती से अनावेदक पति के मोबाइल पर ट्रांसफर हो गई थी। जिसके बाद पति ने उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। एविडेंस एक्ट की सेक्शन 65-बी के तहत बिना प्रमाणिता सार्टिफिकेट कुटुम्ब न्यायालय द्वारा पारित आदेश निरस्त करने योग्य है।

## *हाईकोर्ट ने कहा, मां को उसकी नाबालिग बेटी के नाम जमीन को बेचने की अनुमति दी*

# अपनी जमीन को सुरक्षित रखना भी एक बड़ी चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट जमीन की सुरक्षा से जुड़े मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्ति के लिए अपनी जमीन को सुरक्षित रखना भी एक बड़ी चुनौती है। इस मत के साथ के जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने कुछ शर्तों सहित एक मां को उसकी नाबालिग बेटी के नाम जमीन को बेचने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह भी माना कि अपीलकर्ता अपनी जमीन से सैकड़ों मील दूर रहती है, उसके लिए जमीन की देखभाल के लिए नियमित रूप से उस स्थान पर जाना संभव नहीं है। कोर्ट ने अपीलकर्ता मां को निर्देश दिए कि जमीन को बेचने के बाद मिली राशि में से 50 प्रतिशत रकम नाबालिग के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक में एफडी के रूप में जमा कराए जाएंगे। नाबालिग के वयस्क होने पर ही यह राशि आहरित की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में रहने वाली ज्योतिराज बालादास की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के पति रेलवे में लोका पायलट थे। सेवा में रहने के दौरान 2022 में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने जीवित रहते शहडोल के ग्राम सोखी में कुछ जमीन खरीदी थी। जमीन अपीलकर्ता और उसकी नाबालिग बेटी के नाम है। मृत्यु के बाद ज्योतिराज को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई और वह उत्तर प्रदेश में ही बस गई। अपीलकर्ता ने हिंदू अल्पसंख्यक और संरक्षकता अधिनियम, 1956 के तहत अधीनस्थ अदालत में उक्त जमीन बेचने की अनुमति मांगी थी। अधीनस्थ अदालत ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। लिहाजा, हाई कोर्ट में अपील दायर की गई। दलील दी गई कि अपीलकर्ता अपनी जमीन से 600 किलोमीटर दूर रहती है। उसकी जमीन पर भूमाफियाओं की नजर है।



## *हर तीसरा व्यक्ति संक्रमण से पीड़ित*

# मौसम के बदले मिजाज से सर्दी, जुकाम व बुखार

**जबलपुर।** मौसम के बदल रहे मिजाज का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। धूप, सर्द हवाएं मौसम में प्रायः हर तीसरे व्यक्ति को सर्दी-जुखाम व गले में संक्रमण है, गलसुआ भी देखने को मिल रहा है। मौसमी इस बीमारी से अनेक हफ्तों पखवाड़े से पीड़ति नजर आ रहे हैं। जाड़े के दिन शुरु हो जाने के साथ ही बदलते मौसम ने हर तीसरे व्यक्ति को सर्दी-जुकाम अथवा गले के संक्रमण से पीड़ति कर दिया है। यह संक्रमण किसी हफ्ते भर तो किसी को पखवाड़े भर से है। इन घरेलू बीमारियों के निवारण के लिए जहां महिलाएं बुजुर्ग घरेलू इलाज भी कर रहे हैं वहीं अनेक चिकित्सकों का सहारा ले रहे हैं। जाड़े के दिन यद्यपि स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर माने जाते हैं लेकिन सर्दी, जुकाम व मौसमी बुखार से ठंड में भी हालत पतली नजर आ रही है। किसी को जोरदार सर्दी और सिर में दर्द है तो किसी को सर्दी के बाद बुखार आ रहा है। खांसी सबसे बड़ी मुश्किल लेकर आई है। साथ ही तेज जुकाम से पीड़ति होने के बाद वायरल फीवर भी असर दिखा रहा है। बहुत से लोगों को गले में संक्रमण के साथ गलसुआ भी हो रहा है। ठंड में बहुत से घरों में घरेलू उपचार किए जा रहे हैं ताकि शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। सर्दी और खांसी से निजात पाने के लिए बहुतेरे घरों में सोते वक्त गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी घोलकर दी जा रही है तो कोई चाय में अदरक अथवा तुलसी पत्तियों का इस्तेमाल कर रहा है।

## 600 टन कचरे से बनेगी 11.5 मेगावाट बिजली

# कठौंदा वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट में टेस्टिंग शुरु

**जबलपुर।** कठौंदा स्थित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट एक बार फिर पूरी क्षमता के साथ संचालन की दिशा में बढ़ रहा है। लंबे समय से रखरखाव में कमी के कारण बंद पड़े इस प्लांट को हाल ही में एनसीएलटी प्रक्रिया के तहत नई कंपनी द्वारा अधिग्रहित किया गया है। अधिग्रहण के बाद मशीनों की मरम्मत और तकनीकी सुधार का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसके बाद 1 दिसंबर से टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। प्लांट पूरी तरह चालू होने पर प्रतिदिन लगभग 600 टन मिक्स ठोस कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण किया जा सकेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्लांट की स्थापित क्षमता 11.5 मेगावाट बिजली उत्पादन की है, जिसके लिए शहर से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कचरा इस यूनिट तक पहुंचाया जाता रहा है। शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत बनाना आवश्यक है। पिछले कुछ महीनों में मशीनरी बंद होने के कारण कठौंदा प्लांट के आसपास कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा था। मशीनों के दुबारा संचालन में आने से इस समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद की जा रही है।



## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत अपोलो अस्पताल माढ़ोताल के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा बेलखेड़ा थाना पाटन निवासी 28 वर्षीय विक्रांत रजक को गत दोपहर अपोलो अस्पताल थाना माढ़ोताल के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान मंगलवार की सुबह लगभग 8.30 बजे विक्रांत रजक की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# नागपुर से कारतूस बेचने आये 5 आरोपी पुलिस के हाथ लगे

## *14 कारतूस, 5 मोबाइल एवं स्कार्पियो जप्त*

**जबलपुर।** बरगी पुलिस ने मंडला बाईपास रोड पर मानेगांव मंगेली में नागपुर से अवैध रूप से कारतूस बेचने आये पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 कारतूस, 5 मोबाइल एवं बिना नंबर की स्कार्पियो जप्त की हैं। बरगी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी हेमंत कुमार ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मंडला बाईपास रोड मानेगांव मंगेली में दबिश दी गई, यहां एक ढाबे में बैठकर आरोपी कारतूस सप्लाई करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस पहुंच गई, यहां से नागपुर निवासी उजैर परवेज, कासिफ खान, असमित खोटे, शुभम कोटांगले और जयघोस टेम्बुरने को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर आरोपियों ने नागपुर से आना एवं अपने साथी का इंतजार करना बताया। तलाशी लेने पर उजैर परवेज से 6 कारतूस, कासिफ खान से दो कारतूस, असमित खोटे के पास से दो कारतूस, शुभम कोटांगले के पास में दो कारतूस एवं जयघोस के कब्जे से दो कारतूस, पांच मोबाइल तथा बिना नम्बर की स्कार्पियो जिसकी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट एमएच 35 पी 7202 रखी हुई थी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



## मंदिर में चोरी की योजना बनाते 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत विटनरी अस्पताल कंपाउंड मंदिर में चोरी की योजना बनाते हुए तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी करने में प्रयुक्त औजार तथा दो बाईक जब्त की है। चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर चरगवां विटनरी अस्पताल कम्पाउण्ड मंदिर में चोरी करने की योजना बना रहे मोहरिया कुटी राजाबाबा हनुमानताल निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद रफीक, 35 वर्षीय मोहम्मद अबरार, आजाद नगर मोहरिया थाना हनुमानताल निवासी शान मोहम्मद को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लोहे का पांचा, एक आरी, अलग अलग तरह की चाबियां, लोहे का प्लास, दो पाना, रॉड और डिस्कवर बाईक क्रमांक एमपी 20 एम के 8417 तथा होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एमएम 1714 जब्त की। उक्त सामान रखने के संबध में पूछताछ करने पर चरगवां स्थित मंदिर का ताला तोड़कर चोरी करने के उद्देश्य से उक्त औजार रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 313 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240